Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 303 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 07 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मित्र वही जो आवश्यकता के समय काम आता है।

A friend in need is a friend in deed.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### कनेक्टिविटी बढ़ेगी और परिचालन क्षमता में सुधार होगा

## रेलवे को बड़ी सौगात: 23,437 करोड़ की तीन परियोजनाएं मंजूर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने रेल मंत्रालय की 3 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिनकी कुल लागत लगभग 23,437 करोड़ रुपये है। पीएम मोदी का कहना है कि इससे देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी तेज रफ्तार मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा, आर्थिक विकास को गति! उन्होंने बताया, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों में रेलवे परियोजनाओं के लिए कैबिनेट की मंजूरी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और परिचालन क्षमता में सुधार होगा। इससे पूरे देश में प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी बेहतर होगी।दरअसल, मंगलवार को सरकार ने रेलवे की तीन बड़ी मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन प्रोजेक्ट्स की कुल लागत करीब 23,437 करोड़ रुपये है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन योजनाओं के तहत भारतीय रेलवे नेटवर्क में लगभग 901 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इन तीन अहम परियोजनाओं में नागदा-मथुरा थर्ड और फोर्थ लाइन, गुंटकलङ्कवाडी थर्ड और फोर्थ लाइन और बुरहवाल-सीतापुर थर्ड और फोर्थ लाइन शामिल हैं। इन लाइनों के बढ़ने से ट्रेनों की आवाजाही आसान होगी, देरी कम होगी और रेलवे की सेवा ज्यादा भरोसेमंद बनेगी।

## आज शपथ नहीं लेंगे टीवीके प्रमुख विजय



■ आधिकारिक आंकड़ों की कमी बनी बड़ी बाधा

**चेन्नई।** तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने बुधवार को लोक भवन में तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की और विधानसभा चुनावों में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने के बाद राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। अब खबर आ रही है कि थलापति विजय गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ नहीं ले पाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, टीवीके के प्रमुख विजय के कल मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की संभावना कम है, क्योंकि अभिनेता से राजनेता बने विजय तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए समर्थन जुटा रहे हैं।

**टीवीके बहुमत आंकड़ें से दूर**

सूत्रों ने बताया कि टीवीके के पास फ्लिहाल आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं और राज्यपाल अभी तक इन आंकड़ों से संतुष्ट नहीं हैं। टीवीके ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतीं और बहुमत के लिए उसे दस सीटें कम पड़ रही हैं। विजय द्वारा विधानसभा चुनाव में जीती गई दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद, विधानसभा में टीवीके की प्रभावी संख्या 107 हो जाएगी।

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में शानदार शुरुआत करते हुए सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने वाली टीवीके को पांच कांग्रेस विधायकों का समर्थन प्राप्त हुआ है। कांग्रेस ने डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन अब उसने टीवीके को समर्थन देने का फैसला किया है। विजय ने बुधवार को सरकार गठन के प्रयासों के तहत लोक भवन में तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की।

**कांग्रेस ने दिया टीवीके को समर्थन**

कांग्रेस नेता क्रिस्टोफर तिलक ने कहा कि टीवीके ने 108 सीटें जीती हैं और बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए उसे 10 से 12 और सीटों की जरूरत है। कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष ताकतों के एकजुट होने को लेकर बेहद गंभीर है। इन परिस्थितियों में भाजपा भ्रम पैदा करने और किसी तरह स्थिति को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने की पूरी कोशिश कर सकती है। यह पैटर्न हमने पिछले चुनावों में पूरे देश में देखा है। टीवीके ने कांग्रेस अध्यक्ष को एक औपचारिक पत्र लिखकर पहले ही हमसे समर्थन का अनुरोध किया है।

**दोनों सीटों पर जीते विजय**

*विजय ने खुद तिरुचिरापल्ली पूर्व और पेरम्बूर, दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की और यह साबित कर दिया कि उनका करिश्मा केवल सिनेमा तक ही सीमित नहीं है। मंगलवार सुबह तमिलनाडु के राज्यपाल ने बताया कि वह टीवीके प्रमुख विजय से मुलाकात करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें टीवीके की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश करने वाला एक औपचारिक पत्र प्राप्त हुआ है और उन्होंने पार्टी प्रमुख के साथ बैठक निर्धारित की है। इससे पहले दिन में, तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई और पार्टी के राज्य प्रभारी गिरीश चोडंकर ने चेन्नई में टीवीके मुख्यालय में विजय से मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने में नवोदित पार्टी को अपना समर्थन देने की पुष्टि की।*

## यूपी ब्लास्ट की साजिश रच रहे 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी में बुधवार को एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड ने पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी देश के संवेदनशील ठिकानों पर सीरियल धमाके और पुलिस टीम पर हमले की साजिश रच रहे थे। आरोपियों में बाराबंकी निवासी 23 साल का दानियान अशरफ और कुशीनगर का रहने वाला 20 साल का कृष्णा मिश्रा है। दोनों पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट और हम्माद के संपर्क में थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शहजाद भट्टी ने कहा था, 'मेरे कहने के अनुसार काम करोगे तो मैं तुम्हें इंडिया में हीरो बना दूंगा।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने पंजाब में हुए धमाके की जिम्मेदारी ली है। पंजाब में मंगलवार की रात 3 घंटे के भीतर 2 जगह ब्लास्ट हुए थे। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दानियाल और कृष्णा पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। उनके फोन में शहजाद भट्टी, आबिद जट और हम्माद के नंबर थे। इनके पास से वीडियो कॉल, वॉइस नोट्स, वॉट्सएप चैट और देश-विरोधी बातचीत के सबूत मिले हैं।

## आईपीएल मैच की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

■ नवा रायपुर में 10 व 13 मई के मैच हेतु सुरक्षा,

■ ट्रैफिक, आग व आपदा प्रबंधन के दिए निर्देश



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने 10 एवं 13 मई को राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के साथ बैठक ली।कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है।

पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा सामानों की ओवररेटिंग न हो। पुलिस प्रशासन से समन्वय कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदान के एंट्री प्वाइंट पर वालेंटियर की तैनाती करें तथा वाईफाई एवं इंटरनेट की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए ताकि दर्शकों को प्रवेश में किसी प्रकार की समस्या न हो।उन्होंने कहा कि मैदान में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित रहें। प्रशासन की एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। आपदा के समय क्या किया जाए, इसकी कार्ययोजना पहले से तैयार रखें।डॉ. सिंह ने कहा कि आग से बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों का अनिवार्य रूप से इंतजाम किया जाए तथा जिला सेनानी से समन्वय स्थापित कर उपकरणों का पूर्व परीक्षण कर लिया जाए। सभी गेट पर आयोजन समिति के वालेंटियर रहें और दर्शकों की सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित करें। मेडिकल सुविधा का अनिवार्य रूप से इंतजाम किया जाए।

## वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम का भारत दौरा, राष्ट्रपति एवं प्रधान मंत्री से भेंट



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ मिलकर वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम का गर्मजोशी से स्वागत किया ।

वियतनाम के राष्ट्रपति बनने के बाद इनका उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और बिजनेस लीडर्स के साथ आना ये दर्शाता है कि वो हमें कितनी प्राथमिकता देते हैं। बोधगया से दोनों देशों के साझा संबंधों पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा, इन्होंने भारत की यात्रा की शुरूआत बोधगया से की थी। यह हमारे दोनों देशों की आध्यात्मिक परंपराओं को दर्शाता है। हम अपने संबंधों को ठोस परिणामों में बदल रहे हैं । भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत और विकास का महत्व है। पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए तो उनके दर्शन 1.5 करोड़ से अधिक लोगों ने किए थे, जो वियतनाम की कुल जनसंख्या का 15 फीसदी है

वियतनाम के साथ भारत ठोस परिणामों की ओर अग्रसर', तो लाम के साथ साझा प्रेस वार्ता में- प्रधानमंत्री मोदी ने मजबूत होते ट्रेड संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर तक पहुंचेगा । भारत और वियतनाम का द्विपक्षीय व्यापार पिछले 1 दशक में दोगुना होकर 16 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 25 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं । बहुत जल्द वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद लेगा। हमें बहुत खुशी है कि दोनों देशों के बीच एयर कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है।

**Pic and story by Kamal Nain Narang**

## मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, चाहे मुझे बर्खास्त कर दें: ममता बनर्जी




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम में करारी हार मिलने के बाद तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने की बात पर अड़ी हुई हैं। मंगलवार को ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल के बाद अब भारत की टीम एकजुट है। मैं इस्तीफा नहीं दूंगी। चाहे वे मुझे बर्खास्त कर दें। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि मैं चाहती हूं कि यह काला दिन हो। हमें मजबूत रहना होगा। विधानसभा के पहले दिन काले कपड़े पहनें। जिन्होंने विश्वासघात किया है, उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं हंस रही हूं। मैंने उन्हें नैतिक रूप से हराया है। मैं एक स्वतंत्र पंछी हूं। मैंने सबके लिए काम किया है। हम भले ही हार गए हों, लेकिन हम लड़ेंगे। नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग हारे हैं, उन्हें जबरदस्ती हराया गया है। मैं पश्चिम बंगाल पुलिस, सीआरपीएफ, भाजपा समर्थक मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग की निंदा करती हूं।

## छत्तीसगढ़ शासन में हुई बड़ी प्रशासनिक सर्जरी




**छत्तीसगढ़ में 42 आईएएस और 1 आईएफएस अधिकारियों का तबादला, कई जिलों के कलेक्टर बदले**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। प्रदेश सरकार ने एक साथ 42 ढ्ढस् और 1 ढ्ढस्नस् अधिकारियों की पोस्टिंग और अतिरिक्त प्रभारों में बड़े बदलाव किए गए। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश में एसीएस रिचा शर्मा को पंचायत, और मनोज पिंगुआ को वन विभाग का प्रभार दिया गया है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के साथ-साथ चेयरमैन पॉवर कंपनी का अतिरिक्त दायित्व संभालेंगे। निहारिका बारिक को गृह विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है।

ऋचा शर्मा (1994): अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ महानिदेशक (ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान) और विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार। मनोज कुमार पिंगुआ (1994): अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग। सुबोध कुमार सिंह (1997): प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग तथा अध्यक्ष (छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज) का अतिरिक्त प्रभार (वर्तमान कर्तव्यों के साथ)। निहारिका बारिक (1997): प्रमुख सचिव, गृह एवं जेल विभाग। शहला निगार (2001): प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार। डॉ. रोहित यादव (2002): सचिव, वित्त विभाग के साथ जनसंपर्क विभाग और अध्यक्ष (पेंशन निराकरण समिति) का अतिरिक्त प्रभार।

डॉ. कमलप्रीत सिंह (2002): सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग। परदेशी सिद्धार्थ कोमल (2003): सचिव, कृषि विकास एवं किसान कल्याण के साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार।

## बंगाल में भाजपा सरकार, बांग्लादेश को लोगों की वापसी का डर



**ढाका।** पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत के बाद बांग्लादेश सरकार को आशंका है कि लोगों को जबरन भारत से निकाला जा सकता है। अब इसे लेकर बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा उम्मीद है कि भारत से लोगों को जबरन सीमा पार भेजने यानी 'पुशबैक' की घटनाएं नहीं बढ़ेंगी। सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि वे नहीं चाहते कि किसी को अवैध प्रवासी बताकर भारत से बांग्लादेश की तरफ धकेला जाए। इसी के मद्देनजर बांग्लादेश की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी कहा था कि अगर ऐसे मामले होते हैं, तो बांग्लादेश कार्रवाई करेगा। पुशबैक का मतलब किसी व्यक्ति को जबरन सीमा पार भेज देना। पिछले कुछ सालों में भारत और बांग्लादेश की सीमा पर ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। दरअसल बंगाल चुनाव के दौरान BJP ने ममता बनर्जी की सरकार पर आरोप लगाया था उसने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को शरण दी है।

## अंधेरे से उजाले की ओर- कृष्णा और अनिता के जीवन में सुशासन ने भरी उम्मीद की रोशनी




**रायपुर (विश्व परिवार)।** जब हौसले बुलंद हों और शासन का साथ मिल जाए, तो शारीरिक बाधाएं भी प्रगति का रास्ता नहीं रोक सकतीं। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम गोविंदपुर (सरगड़ी) में रहने वाले कृष्णा पहाड़ी कोरवा और उनकी पत्नी अनिता की कहानी आज सुशासन और संवेदनशीलता की जीवंत मिसाल बन चुकी है। विशेष पिछड़ी जनजाति से ताल्लुक रखने वाला यह दंपति दृष्टिबाधित है, लेकिन आज इनके चेहरे की मुस्कान सरकार की अंतिम व्यक्ति तक विकास की प्रतिबद्धता को बयां कर रही है। शासन की बहुआयामी योजनाओं ने इस परिवार के इर्द-गिर्द सुरक्षा का एक घेरा तैयार कर दिया है। अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन की उपलब्धता, आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी मिली, जिससे इलाज की चिंता खत्म हुई और दिव्यांग पेंशन के माध्यम से निरंतर वित्तीय सहायता के साथ सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुआ।

**मनरेगा- आत्मनिर्भरता की नई इबारत**

पक्के घर के साथ-साथ आर्थिक स्वावलंबन के लिए महात्मा गांधी नरेगा इस परिवार का सबसे बड़ा संबल बना। दृष्टिबाधित होने के बावजूद कृष्णा और अनिता ने हार नहीं मानी। वे मनरेगा कार्यस्थलों पर श्रमिकों को पानी पिलाने का कार्य करते हैं। वर्ष 2024-25 में 86 दिनों का रोजगार और चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 14 दिनों का काम मिलने से उन्हें दैनिक जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। कृष्णा और अनिता के लिए सुशासन का अर्थ केवल सरकारी सहायता नहीं, बल्कि सम्मान के साथ जीने का अवसर और भविष्य की एक नई किरण है।

**प्रधानमंत्री के हाथों मिली खुशियों की चाबीझ्**

कृष्णा और अनिता के परिवार के जीवन का सबसे ऐतिहासिक मोड़ राज्य स्थापना की रजत जयंती (2025) के अवसर पर आया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने हाथों से कृष्णा को प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित पक्के घर की चाबी सौंपी। यह मात्र एक कंक्रीट का ढांचा नहीं, बल्कि वर्षों के अभाव और असुरक्षा के बाद मिला वह सम्मान था, जिसकी इस दंपति ने कल्पना की थी।

### महिला सशक्तिकरण की नई इबारत

## छत्तीसगढ़ में अब महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री पर 50 प्रतिशत की होगी छूट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और संपत्ति का स्वामी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के पहल पर एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण फैसले की आधिकारिक अधिसूचना आज राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है।

इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य महिलाओं को संपत्ति अर्जन के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार का मानना है कि इस छूट से अधिक से अधिक परिवार अपनी संपत्ति महिलाओं के नाम पर दर्ज कराएंगे। संपत्ति का मालिकाना हक मिलने से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक आर्थिक सुरक्षा बढेगी। यह निर्णय महिला सशक्तिकरण औरा महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक प्रभावी भूमिका निभाने में मदद करेगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि जमीन के स्वामित्व से महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास

**राजस्व में निवेश, भविष्य में लाभ**

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने इस योजना के आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा। रजिस्ट्रेशन शुल्क में इस रियायत से राज्य सरकार को लगभग 153 करोड़ रुपये के राजस्व का भार आएगा। वित्त मंत्री के अनुसार, यह कोई राजस्व हानि नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा निवेश है, जिसके दूरगामी सामाजिक परिणाम होंगे।

# सुशासन तिहार : जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ समस्याओं का निराकरण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज आदिवासी बहुल कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पिपरिया में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न विभागों के समक्ष अपनी समस्याएँ एवं मांगें प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन अनुभाग प्रमुख एवं एसडीएम पोड़ी-उपरोड़ा की उपस्थिति में किया गया।




शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती माधुरी देवी तंवर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा उपस्थित रहीं। उनके साथ श्री प्रकाश चंद जाखड़, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा श्री वीरेंद्र श्याम, तहसीलदार पसान श्री जयप्रकाश डड़सेना, सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा श्रीमती फूल कुंवर पावले एवं श्रीमती ममता पुहुप, जनपद सदस्य पोड़ी-उपरोड़ा समाजसेवी श्री बच्चन साय कोराम तथा ग्राम पंचायत पिपरिया की सरपंच श्रीमती अनिता मरावी सहित क्लस्टर के सभी 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर में अतिथियों के कर-कमलों से खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशन कार्ड तथा कृषि विभाग द्वारा डीजल पंप का वितरण किया गया, जिससे हितग्राहियों में उत्साह और संतोष का वातावरण दिखाई दिया।

जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 538 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 529 मांग संबंधी और 9 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल थे। प्राप्त आवेदनों में से 120 आवेदनों का विभागीय टीम द्वारा स्थल पर ही तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 418 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं, जिन पर निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

सुशासन तिहार 2026 का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को सीधे लाभार्थियों तक पहुँचाना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पिपरिया में आयोजित यह शिविर अत्यंत सफल एवं जनहितकारी सिद्ध हुआ।

# महंत राजा दिग्विजय दास एवं रानी सूर्यमुखी देवी का रहा विशेष योगदान : विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थित में आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष श्री मनोज निर्वाणी ने हस्ताक्षर कर पदभार ग्रहण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष श्री मनोज निर्वाणी को नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वतंत्रता के पहले 565 से अधिक रियासतें थी। उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के एकीकरण का कार्य किया। राजनांदगांव के तत्कालीन महंत राजा दिग्विजय दास ने विलय पत्र पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए। उन्होंने




रेलवे लाईन एवं औद्योगिक विकास के लिए जमीन दान में दी, जिससे राजनांदगांव में विकास की गति बढ़ी। यह उनकी व्यापक सोच का परिणाम है कि उन्होंने अपनी संपत्ति एवं महल शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया, जहां आज शासकीय दिग्विजय कालेज है। महंत राजा दिग्विजय दास एवं रानी सूर्यमुखी देवी को स्मरण किया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से कहा कि आगे भी वे जिले में अच्छे कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाएं तथा विकास में अपना योगदान दें। श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को कोटिश- धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रभावना के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का प्रतिसाद मिला है। प्रेरणा, व्यक्तित्व निर्माण के साथ ही राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि श्रीमती सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की विरासत को संभालने का अवसर मिला है। शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान रहा। श्रीमती पूर्णिमा साहू ने अपने जीवन के संघर्षों का स्मरण किया तथा उपलब्धि मिलने पर अपने माता-पिता को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल श्री योगेशदत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री सचिन बघेल, उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री भरत वर्मा, सहित विभिन्न समाज के पदाधिकारी तथा वरिष्ठजन, अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री दयालदास बघेल ने हकीकत को स्वीकारा, प्रदेश में अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही : कांग्रेस

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री दयालदास बघेल ने भरे मंच से राज्य में अवैध शराब बिक्री की हकीकत को स्वीकार किया है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, प्र्देश अवैध शराब का गढ़ बन चुका है। प्रदेश के गांव-गांव, गली, कूचे में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। सरकारी अमला इस अवैध शराब बिक्री को खुला संरक्षण देता है। मंत्री दयालदास बघेल स्वयं बता रहे कि किसी आदमी के 1 बोतल शराब मिल जाये तो उसके खिलाफ पुलिस कार्यवाही कर देती है, शराब भट्ठी से पेटी-पेटी शराब लेकर खुलेआम बेची जा रही कार्यवाही नहीं होती है। मंत्री बघेल ने स्वीकार किया कि राज्य में अवैध शराब की बिक्री के लिए पुलिस विभाग और आबकारी विभाग दोनों जिम्मेदार है। कांग्रेस पार्टी इस बात को शुरू से उठाती रही कि राज्य में अवैध शराब की बिक्री हो रही, तब सरकार इस मामले में चुप थी। अब सरकार के मंत्री स्वयं सुशासन तिहार में मंच से अवैध शराब की बिक्री की बात कबूल रहे है।

भाजपा सरकार राज्य की जनता को शराबी बनाने पर तुली है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विपक्ष में रहकर शराबबंदी के लिए कसमें खाने वाली, शराबबंदी की दुहाई देने वाली भाजपा की सरकार ने राज्य में शराब की दुकानों की संख्या दुगुनी कर दिया है। राज्य में लगभग 700 देशी और अंग्रेजी शराब दुकाने थी। भाजपा सरकार ने हर देशी शराब दुकानों में अंग्रेजी तथा अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी बेचना शुरू कर दिया है। मतलब अब देशी और अंग्रेजी शराब दुकानों की संख्या डबल 1400 हो गयी है। अर्थात अब प्रदेश में कुल 1400 शराब दुकाने खोल दी गयी है, इसके अतिरिक्त पिछले साल से 67 नई शराब दुकाने सरकार ने खोला था, इस साल 35 दुकान और खोला गया। भाजपा की जब रमन सरकारे थी तब उसी ने शराब का सरकारीकरण किया था।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है लगातार सरकार शराब की खपत बढ़ाने के प्रयास में लगी है। साय सरकार में शराब की कोचियागिरी बड़े पैमाने पर जारी है। नकली सरकारी होलोग्राम लगाकर शराब बेचा जा रहा है। राजनांदगांव, मुंगेली सहित प्रदेश के अनेकों स्थानों से लगातार खबरे आ रही है सरकारी शराब दुकानों से 200 रू. प्रति पेटी अतिरिक्त लेकर गली, मुहल्लों में कोचिये शराब पहुंचा रहे है। डोंगरगढ़ में बाटलिंग प्लांट यूनिट में पानी मिलाते रंगे हाथों पकड़े गये। दूसरे राज्यों की शराब बस्तर, सरगुजा सहित मैदानी क्षेत्रों में निर्बाध पहुंच रहे है। नकली और अवैध शराब का धंधा सत्ता के संरक्षण में तेजी से फल-फूल रहा है।

# बुढ़ानछापर में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 5 मई 2026 को डोंगरगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बुढ़ानछापर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में बुढ़ानछापर, मोहनपुर, बागनदी, चारभांठा, टाटेकसा, कोठीटोला, कनेरी, कारूटोला, पीपरखार कला, भगवानटोला, बरनारकला, रामपुर, नारायणगढ़, बागरेकसा, सीतागोटा, बोरतलाव कुल 16 ग्राम पंचायत के ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में मांग से संबंधित 858 एवं शिकायत से संबंधित 8 कुल 866 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके त्वरित निराकरण करने की कार्रवाई की जा रही है। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गर्भवती माताओं की गोदभराई और नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पोषण कलश एवं दाल व अनाज से बने गणेश आकर्षण का केन्द्र रहे। बच्चों के सुपोषण के लिए जनमानस को जागरूक किया गया।



शिविर में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा 15 हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण, 6 हितग्राहियों को पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना का स्वीकृति आदेश, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ व लाल बहादुर नगर द्वारा 5 हितग्राहियों किसान क्रेडिट कार्ड के तहत शून्य ब्याज पर ऋण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा आईस बाक्स व मछली जाल तथा कृषि विभाग द्वारा मूंग बीज का वितरण किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लायसेंस बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में सिकल सेल, टीबी, शुगर, खून जांच ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच की गई और निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शिविर में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विकास, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन को प्राप्त किए गए।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /31055/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 05-05-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31055**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L01832** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **INDERJEET SINGH SAHNI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDER SINGH SAHNI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GAGANDEEP SINGH SAHNI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **INDERJEET SINGH SAHNI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /30314/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 30-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30314**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226Z00623** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHUBHA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANOJ AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नूतन अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सत्य भगवान अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31110/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-05-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31110**
**वार्ड का नाम- 14-रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220E00009** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANOMOVIN BEVA RAM GYANESHWARI ASHWANI KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री ज्ञानेश्वर जंघेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री रामू जंघेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, बैनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31111/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-05-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31111**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235G00481** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **CHANDULAL RUPAREL** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री मिलन रूपारेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री चंदुलाल रूपारेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सत्यापन, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31114/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-05-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31114**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR223L149AS** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **REKHA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AKASH TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ना. बा. मनसिमरत कौर 2. श्रीमती रंजीत कौर छाबड़ा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. गुरूमीत कौर 2. श्री संजय कुमार छाबड़ा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31115/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 06-05-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 31115**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR225B00189** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. SUMATI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती .....के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्रीमती मनीषा साहू पति- स्व. सतीश कुमार साहू 2. आशुतोष साहू पिता - स्व. सतीश कुमार साहू 3. अंजली साहू पिता- स्व. सतीश कुमार साहू 4. अपूर्वा साहू पिता - स्व. श्री सतीश कुमार साहू** पिता/पति, श्री/श्रीमती ..... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सत्यापन, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, रजिस्ट्री कॉपी** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर** में निर्मित **एच. डी. डी.ए. -II** भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों भवनों में से भवन **क्रमांक एच. डी. डी II/57 फेस-2 श्री संजय सिंह नेगी पिता/पति श्री सुखपाल सिंह** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 6-5-22** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 1-5-21** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री / **श्रीमती विश्राम सिंह साहू पिता श्री मोहन लाल साहू** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण** मण्डल द्वारा कालोनी कबीर नगर, रायपुर में निर्मित **एम.आई.जी. फ्लैट** योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एम.आई.जी. फ्लैट-3/504, पंचत-तल (1) श्री सुधीर वामन सर्वटे पिता स्व. श्री वामन दामोदर सर्वटे एवं (2) श्रीमती निशा सर्वटे पति श्री सुधीर वामन सर्वटे** के संयुक्त नाम पर आबंटित था। सह आबंटी **(2) श्रीमती निशा सर्वटे पति श्री सुधीर वामन सर्वटे** की मृत्यु **दिनांक 06.11.2025** को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर आबंटी **(1) श्री सुधीर वामन सर्वटे पिता स्व. श्री वामन दामोदर सर्वटे** के द्वारा उक्त भवन को विक्रय करना चाहते है। उनके द्वारा उक्त भवन को **दिनांक 24.04.2026** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **क्रेता श्री फरजान सिद्दीकी पिता श्री अब्दुल सहाब सिद्दीकी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है। उक्त भवन से सह आबंटी **(2) श्रीमती निशा सर्वटे पति श्री सुधीर वामन सर्वटे** के नाम विलोपित कर एकल नाम किए जाने एवं विक्रय हेतु विक्रय अनुमति दिया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर** में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, **एल.आई.जी भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी. -54/639** में **श्रीमती विमला देवी पति श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 30.08.2011** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी द्वारा इस कार्यालय के पत्र **क्र. 6219 दिनांक 23.12. 2022** को विक्रय अनुमति प्राप्त कर **श्रीमती रूचि सिंह पिता श्री शिव बहादुर सिंह को दिनांक 23.12.22022** को विक्रय कर दिया।

नवीन क्रेता द्वारा बैंक ऋण नहीं चुकाये जाने के कारण, बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत सार्वजनिक-नीलामी **दिनांक 07.01.2026** को करने उपरांत उक्त भवन **श्री नरेन्द्र दुबे पिता श्री बी. पी. दुबे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 79 दिनांक 06.05.2026**
**वार्ड का नाम- मां शीतला माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 17 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **17** मांग **पंजी क्र. 340 युआईडी 19735** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रवीण यादव / रमेश यादव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **हेत पटेल / सुरेश पटेल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-05-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 78 दिनांक 06.05.2026**
**वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड**
**वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **21** मांग **पंजी क्र. 964 युआईडी 22313** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **पियुष जैन / राजेन्द्र जैन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **गुंजा देवी / अजय कुमार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-05-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 77 दिनांक 06.05.2026**
**वार्ड का नाम- माधवराव सप्रे वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 92 युआईडी 21373** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **हरदीप सिंग / सरवन सिंग** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहन लाल करमचंद /करमचंद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-05-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 76 दिनांक 06.05.2026**
**वार्ड का नाम- माधवराव सप्रे वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 512 युआईडी 21795** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुनिता देवी / श्रीकांत बरनपाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **शिवानी बर्नवाल/श्रीकांत प्रसाद बर्नवाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-05-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 75 दिनांक 06.05.2026**
**वार्ड का नाम- पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 27 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **27** मांग **पंजी क्र. 52 युआईडी 25317** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गौरव रियलिटी प्रा. लि. /हतर सिंह वैद्य** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **संजय कुमार गुप्ता / मुन्ना लाल गुप्ता** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-05-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# प्रशासन की त्वरित कार्रवाई : 17 वर्षीय बालिका का बाल विवाह रुकवाया

## टोल फ्री1098 पर मिली सूचना के बाद संयुक्त टीम मौके पर पहुंची





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु संचालित अभियान के तहत प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक और महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय बालिका का विवाह रुकवाने में सफलता प्राप्त की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम बंसल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम बाल विवाह रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय है।

**टोल फ्री नंबर 1098 पर मिली बाल विवाह की सूचना:**- प्राप्त जानकारी के अनुसार, टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से सूचना मिली कि एक 17 वर्षीय बालिका का विवाह उसकी माता द्वारा दूसरे स्थान पर बालिका के मामा के घर ले जाकर कराया जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

**दस्तावेजों की जांच में सामने आई वास्तविकता:**- टीम ने मौके पर पहुंचकर बालिका के शैक्षणिक दस्तावेजों की मांग की। प्रारंभ में परिजनों द्वारा आधार कार्ड प्रस्तुत किया गया, जिसमें बालिका की उम्र 18 वर्ष दर्शाई गई थी। तथापि, टीम द्वारा शैक्षणिक दस्तावेजों की मांग किए जाने पर परिजन टाल-मटोल करने लगे। काफी प्रयासों के पश्चात् जब शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, तो उनमें बालिका की उम्र विवाह की निर्धारित आयु 18 वर्ष से 2 माह कम पाई गई। इसके पश्चात् लड़का पक्ष को फोन के माध्यम से समझाइश दी गई।

**बालिका को बाल कल्याण समिति में किया गया प्रस्तुत:**- लड़की के परिजनों से बालिका को सुरक्षित रखने के संबंध में चर्चा की गई तथा विवाह के दिन बालिका को बाल कल्याण समिति, सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते चाइल्ड लाइन की टीम के साथ बालिका को चिकित्सालय में रखा गया। समझाइश के पश्चात् परिजन ने विवाह की न्यूनतम कानूनी उम्र पूर्ण होने ही बाद ही विवाह करायेंगे, इस पर अपनी सहमती दी।

**कार्रवाई में शामिल अधिकारी एवं कर्मचारी**- बाल विवाह रोकने की इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण इकाई से श्री मनोज जायसवाल, श्री जैनेन्द्र दुबे, श्रीमती आरती राजवाड़े, चाइल्ड लाइन से श्री प्रकाश राजवाड़े, महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक श्रीमती शीला वर्मा, कुमारी जयश्री कैवर्त्य, श्रीमती राधा कंवर, तथा पुलिस विभाग से श्री महेन्द्र यादव, श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री पिन्सल गिंज एवं श्री ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

**बाल विवाह की सूचना देने हेतु टोल फ्री नंबर 1098 पर करें संपर्क**- जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और बच्चों के भविष्य की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सिंटेक्स का 'स्मार्ट' टैंक अब रायपुर में, सुरक्षित और लंबे समय तक जल भंडारण के जरिए बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित

**रायपुर:** वेलस्पन वर्ल्ड के अंतर्गत आने वाली कंपनी सिंटेक्स, जो भारत में गुणवत्तापूर्ण वॉटर स्टोरेज समाधानों का अग्रणी और विश्वसनीय निर्माता है, ने रायपुर में एक इनोवेटिव सिंटेक्स 'स्मार्ट' टैंक लॉन्च किया है। टैंक 100 प्रतिशत वर्जिन प्लास्टिक से बना है और यह फूड-ग्रेड भी है, जिससे यह लंबे समय तक पीने योग्य पानी के सुरक्षित भंडारण के लिए उपयुक्त है, इस प्रकार भारतीय परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देता है।भारतीय परिवारों की बजट-संवेदनशील जरूरतों को समझते हुए, सिंटेक्स ने SMART टैंक को किफायती कीमत पर 8 साल की वारंटी के साथ उपलब्ध कराया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण जल भंडारण समाधान रायपुर के हर परिवार की पहुंच में हैं। आज बाजार के प्रमुख खिलाड़ी किफायती कीमतों पर प्लास्टिक टैंकों की भरमार पेश करते हैं, लेकिन इनमें से कई रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। आमतौर पर, जब उपभोक्ता पानी की टंकी खरीदते हैं, तो विक्रेता उन्हें केवल कीमत, रंग या लेयर्स की संख्या पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हैं, जबकि टंकी की सामग्री की गुणवत्ता और सुरक्षा के बारे में जागरूकता अक्सर कम होती है। यही सबसे बड़ी चूक होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बिस्फेनॉल-ए (BPA), फ्थैलेट्स, बेंजीन, फॉर्मल्डिहाइड जैसी हानिकारक रसायन निकल सकते हैं, जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और कैंसर, प्रजनन संबंधी समस्याएं, श्वसन संबंधी विकार, त्वचा रोग, डीएनए क्षति जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं। यह जोखिम इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि रीसाइकल्ड प्लास्टिक की पिछली उपयोगिता और उत्पत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। इसके अतिरिक्त, रिसाइकल्ड प्लास्टिक में पानी में माइक्रोप्लास्टिक्स छोड़ने का भी जोखिम होता है। इसलिए, उपभोक्ताओं के लिए यह अब महत्वपूर्ण हो गया है कि वे खरीदते समय यह सुनिश्चित करें कि उत्पाद रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बना है या 100 प्रतिशत वर्जिन प्लास्टिक से। सिंटेक्स ने उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'साफ सेफ सही' की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अपने सभी टैंकों को 100 प्रतिशत फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बनाया है, और यही बात सिंटेक्स 'स्मार्ट' टैंक पर भी लागू होती है। यह टैंक जल सुरक्षा, शुद्धता और स्वच्छता को सुनिश्चित करता है, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य बेहतर होता है। 'स्मार्ट' टैंक की विशेष रूप से ऊँची डिज़ाइन इसे अधिक स्पेस-एफिशिएंट बनाती है, जिससे कम जगह में अधिक वॉटर स्टोरेज संभव होता है। यह डिजाइन फ्लैट्स, छोटे घरों, शैक्षणिक संस्थानों और उन व्यवसायों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ जगह के बेहतर उपयोग को भी महत्व देते हैं।

# JLR इंडिया ने यूके से आयातित रेंज रोवर के CB मॉडल्स की कीमतों में की भारी कटौती

**मुंबई:** भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के संभावित क्रियान्वयन को देखते हुए, JLR इंडिया ने आज यूके से आयातित (CBU) रेंज रोवर मॉडल्स की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। संशोधित ड्यूटी स्ट्रक्चर के कारण कीमतों में हुआ यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

इस घोषणा के अनुसार, Range Rover SV की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत ?4.25 करोड़ से घटाकर 3.50 करोड़ कर दी गई है। कीमत में इस बड़ी कटौती के साथ-साथ कंपनी ने इसके आकर्षण को और बढ़ाते हुए पहली बार SV Ultra Metallic पेंट्स (ग्लॉस और सैटिन फिनिश) को स्टैंडर्ड फीचर के रूप में शामिल किया है। इसी तरह, Range Rover Sport SV की कीमत भी 2.75 करोड़ से घटाकर अब 2.35 करोड़ (शुरुआती एक्स-शोरूम) कर दी गई है, जिससे प्रीमियम लग्जरी सेगमेंट में इसकी बाजार स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

JLR इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजन अंबा ने इस घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, भारत-यूके FTA के लागू होने की संभावना को देखते हुए, हमें इसके लाभ अपने ग्राहकों तक पहुँचाते हुए बेहद खुशी हो रही है। Range Rover SV और Range Rover Sport SV की ये नई कीमतें हमारे 'ग्राहक-प्रथम' दृष्टिकोण और उनके साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि इस समझौते से अधिक ग्राहकों को हमारे प्रीमियम SV पोर्टफोलियो का अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो भारत में छ्वस्क्र की विकास यात्रा को और मजबूती देगा।

# वित्त वर्ष 26 में लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री की मजबूत बढ़त- इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (IAC-Life)

## नया बिजनेस प्रीमियम 15.7 प्रतिशत बढ़ा; कुल कलेक्शन लगभग 4.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा

**मुंबई:** लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 26 में मजबूत बढ़त दर्ज की। नया बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) साल-दर-साल 15.7 प्रतिशत बढ़कर 4,59,713 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष25 में 3,97,337 करोड़ रुपये था।

मार्च 2026 में इंडस्ट्री ने नया बिजनेस प्रीमियम के रूप में 75,872 करोड़ रुपये जुटाए, जो मार्च 2025 के 61,439 करोड़ रुपये की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। इससे साफहै कि व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) और ग्रुप — दोनों सेगमेंट में बीमा की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है।

कमलेश राव, चेयरपर्सन, इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) ने कहा, वित्त वर्ष 26 में लाइफइंश्योरेंस इंडस्ट्री का मजबूत प्रदर्शन यह दिखाता है कि लोगों में बीमा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और भारतीय परिवार अब धीरे-धीरे वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाकर चल रहे हैं। 15.7 प्रतिशत की ग्रोथ यह भी बताती है कि बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, इसकी पहुंच व्यापक हुई है और नए-नए प्रोडक्ट्स भी पेश किए जा रहे हैं। ग्रुप बिजनेस जहां विकास को आगे बढ़ा रहा है, वहीं इंडिविजुअल सेगमेंट की लगातार बढ़त विशेष रूप से उत्साहजनक है। हालांकि, अभी भी बीमा सुरक्षा में एक बड़ा अंतर (प्रोटेक्शन गैप) मौजूद है, जिसे कम करने के लिए जागरूकता और जल्दी बीमा अपनाने की जरूरत है।

# तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर ने आपराधिक मानव वध मामले में पिता-पुत्र को दी 10-10 वर्ष की सश्रम कारावास की सज

**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार )**-27 मई 24 में ग्राम पर्री निवासी धीरसाय सिंह ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि दिनांक 26 मई को घर पास रहने वाली शान्तीबाई उसके घर रात्रि 8 बजे आकर बताई कि जगरनाथ को उसके पिता रामभरोष एवं उसके भाई शिवचरण अपने घर के बाहर आम पेड़ में उल्टा लटकाकर मारपीट कर रहे हैं एवं वहीं बैठे हैं। किसी को आसपास नहीं आने दे रहे हैं, जिसकी सूचना पाकर पुलिस को फोन किया और उप सरपंच 108 एम्बुलेंस को सूचना दिया तब पुलिस के साथ जाकर देखा तो जगरनाथ को आम पेड़ पर उल्टा लटका दिया था मृतक जगरनाथ के पिता रामभरोष और उसका भाई शिवचरण सिंह डण्डा लिये मौजूद थे पूछने पर पिता भाई ने बताया कि हमेंशा बहुत परेशान करता था इसलिए मारपीट कर उल्टा लटकाये हैं। जगरनाथ जीवित था जिसे 108 एम्बुलेंस आने पर जिला अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया, जहां



डॉक्टर द्वारा जगरनाथ को मृत होना बताया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायमी उपरांत थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 290/2024 धारा 302, 34 भादवि. का पंजीबद्ध कर विवेचना की गई।

मामले की विवेचना थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे के द्वारा की गई। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुख्ता साक्ष्य संकलित करते हुए आरोपी रामभरोष सिंह पिता हरकलाल उम्र 55 वर्ष ग्राम पर्री व शिवचरण सिंह पिता रामभरोष उम्र 33 वर्ष ग्राम पर्री गौटियापारा थाना सूरजपुर को गिरफ्तार कर आरोप पत्र माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक के.के.नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई विद्वान न्यायाधीश श्री डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर के यहां हुई। माननीय न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय दिनांक 07.04.2026 में प्रकरण के आरोपियों के विरूद्ध हत्या कारित किए जाने का अपराध प्रमाणित न पाते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आपराधिक मानववध का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी रामभरोष सिंह व शिवचरण सिंह को धारा 304, 34 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# सूरजपुर जिला के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों में भर्राशाही पर रोक लगाने जिला कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## सात दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो लोक निर्माण विभाग के दफ्तर में ताला जड़ने की दी चेतावनी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** सूरजपुर के लोक निर्माण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और ठेकेदारों की मनमानी के खिलाफ जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी अविनाश साहू ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है आज अविनाश साहू के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला अपर कलेक्टर जगरनाथ वर्मा से मुलाकात कर जिला कलेक्टर के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपा और प्रतिनिधिमंडल ने सीधा आरोप लगाया कि विभाग जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर मलाईदार ठेकेदारों को खुला संरक्षण दे रहा है।

जिला मीडिया प्रभारी अविनाश साहू ने बताया कि उन्होंने 20 दिन पूर्व ही रामानुजनगर-कौशलपुर-भैसामुड़ा मार्ग पर हो रहे भ्रष्टाचार की जानकारी साक्ष्यों के जिला कलेक्टर को सौंपे थे जिसके बाद कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को जांच कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिए लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही करने के बजाय कागजी खानापूर्ति कर 20 दिनों तक मामले को दबाए रखा और ठेकेदार को अपना खेल जारी रखने की खुली छूट दी विभाग की यह सुस्ती साबित करती है कि ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं।

सौंपे गए ज्ञापन में रामानुजनगर कौशलपुर-भैसामुड़ा मुख्य मार्ग में



सड़क सह पुलिया निर्माण (लागत 1276 लाख) की पोल खोली बोल्डरों का खेल, पुलिया के बेस (फाउंडेशन) में मानक कंक्रीट मिक्सर के स्थान पर बड़े-बड़े बोल्डर पत्थर भरे जा रहे थे तकनीकी धांधली, ग्रामीणों ने शिकायत की है कि विभिन्न पुल निर्माण में छड़ (लोहा) की भारी चोरी की गई है

ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि रामानुजनगर के निर्माण में मिट्टी युक्त बालू और अत्यंत कम सीमेंट का उपयोग बिना वाइब्रेटर और बिना थर्माकोल जॉइंट के ढलाई की जा रही थी जिससे दीवार की मजबूती शून्य होती यहाँ तक कि मौके पर तराई की भी कोई व्यवस्था नहीं था।

प्रतिनिधिमंडल ने सूरजपुर विकासखंड के ग्राम नामदगिरी से नरेशपुर तक के 3 किलोमीटर मार्ग के पक्कीकरण की मांग उठाई पूर्व में हुए मुरुमीकरण के उखड़ने से रास्ता गड्ढे और धूल में तब्दील हो चुका है जिससे आए दिन ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते समय अविनाश साहू ने विभाग और प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी दी उन्होंने कहा कि— बीस दिन पहले शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होना यह बताता है कि लोक निर्माण विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है अफसरों ने इसे अपनी कमाई का जरिया बना लिया है हमने प्रशासन को अंतिम 7 सात दिन का समय दिया है यदि एक हफ्ते के भीतर इन कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषि इंजीनियर, एसडीओ और ठेकेदार पर कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो हम पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करेंगे और दफ्तर में ताला जड़ देंगे।

इस दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वि.सभा. युवा कांग्रेस अध्यक्ष परमेश्वर राजवाड़े, युवा कांग्रेस राजू राजवाड़े, इमरान अंसारी, लिवनेश सिंह, नरेश राजवाड़े उपसरपंच, आशीष सिंह, यशवंत सिंह, छत्रपाल सिंह, आयुष सैंडिल, आशीष कुमार, पीके सिंह, ललित सिंह, अमित पैकरा, जितेंद्र कुर्रे,लालसाय राजवाड़े,दिलभाजन, बीनू राजवाड़े, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सड़क दुर्घटना में सुरक्षा उप निरीक्षक दिनेश कुमार घायल बाल बाल बची जान



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- अवैध रूप से आवासीय क्वार्टर में रहने वाले लोगों को खाली करने जा रहे हैं अपने टीम के साथ बाइक पर सवार सुरक्षा उप निरीक्षक दिनेश कुमार को कोयला परिवहन करने वाली ट्राला वहां ने मारी ठोकर हुए जख्मी। बताया जाता है कि आज एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय यूनिट में पदस्थ सुरक्षा उप निरीक्षक दिनेश कुमार अपनी सुरक्षा टीम के अन्य सदस्यों के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिल से कॉलोनी में लिए जा रहे थे इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर विश्रामपुर के मुख्य बाजार में जिंदल जनरल स्टोर के सामने कोयला परिवहन करने वाली ट्राला ने ठोकर मार दी जिससे उनकी बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई वे बाल बाल बच तो गए परंतु उनके शरीर के विभिन्न हिस्से में गंभीर चोट को देखते हुए उनके साथियों ने केंद्रीय चिकित्सालय विश्रामपुर में भर्ती कराया जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है । सुरक्षा उप निरीक्षक दिनेश कुमार के घायल होने पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने उन्हें जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

## शीघ्रलेखन-मुद्रलेखन परीक्षा परिषद ने शुरू की पंजीयन एवं नवीनीकरण प्रक्रिया, 20 मई तक जमा होंगे आवेदन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-छत्तीसगढ़ में हिन्दी एवं अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए योग्य एवं अनुभवी शीघ्रलेखकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के अंतर्गत संचालित शीघ्रलेखन-मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद द्वारा मूल्यांकनकर्ताओं के नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

**प्रदेश स्तर पर आयोजित होती हैं ऑनलाइन कौशल परीक्षाएं**- परिषद द्वारा प्रदेश स्तर पर विभिन्न गति वर्गों में ऑनलाइन कौशल परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं के सुचारू एवं पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अनुभवी शीघ्रलेखकों की सेवाएं आवश्यक होती हैं। इसी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए परिषद ने पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए हैं।

**पात्रता एवं आवेदन की शर्तें**- आवेदन हेतु ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्हें शासकीय सेवा में शीघ्रलेखन पद पर कम से कम 10 वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त हो। इस श्रेणी में सेवानिवृत्त शीघ्रलेखकों के साथ-साथ संविदा पर कार्यरत कर्मचारी भी सम्मिलित हैं। इच्छुक उम्मीदवार परिषद की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर निर्धारित पते पर भेज सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई 2026 निर्धारित की गई है।

**तीन वर्षों के लिए मान्य होगा पंजीयन**- परिषद द्वारा किए जाने वाले पंजीयन की वैधता वर्ष 2026 से 2029 तक अर्थात् तीन वर्षों के लिए मान्य होगी। आवेदन के साथ 100 रुपये का निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य किया गया है। निर्धारित प्रारूप एवं शुल्क के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## बेहतरीन कार्य में निपुणता दिखाने वाले क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह की हुई पदोन्नति



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- एस ई सी एल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अपनी रणनीति एवं कुशल कार्य के लिए पदोन्नति पाए हैं। अमरेंद्र नारायण सिंह के अतिरिक्त एस पी श्रीवास्तव, चन्दन चमन का भी पदोन्नति कर वरिष्ठ प्रबंधक खनन के पद पर हुआ नियुक्ति मिली है। इसी तरह अनजीत सिंह का वरिष्ठ प्रबंधक सर्वे के पद पर, एस के बघेल एवं श्री एम पी सिंह का सहायक प्रबंधक सर्वे के पद पर पदोन्नति हुई है। युवा गजल गायक अमन कश्यप एवं आशीष गुप्ता का चयन वरिष्ठ अधिकारी मानव संसाधन तथा गजेंद्र सिंह का चयन वरिष्ठ अधिकारी विक्रय एव विपणन के पद पर हुआ।

## संपादकीय

# जन कल्याण का रास्ता टिकाऊ नहीं

भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद सरकारें नकदी हस्तातंरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं। बृहत–मुंबई महानगर पालिका के रिटायर शिक्षक का पेंशन भुगतान ना होने के बचाव में सरकार ने खजाने में पैसा ना होने का तर्क दिया। तो उससे नाराज बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के पास अपने रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है, तो उसे लड़की बहन योजना रोक देनी चाहिए। इस योजना के तहत राज्य की डेढ़ करोड़ महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं। खुद राज्य के मंत्री ऐसे बयान दे चुके हैं कि इस योजना से राजकोष पर पड़े भारी बोझ के कारण तमाम विभागों के बजट प्रभावित हुए हैँ। इस बीच हरियाणा में अस्पतालों के संघ ने संबंधित अधिकारी को पत्र लिख कर कहा है कि 20 अप्रैल तक उनके बकाये का भुगतान नहीं हुआ, तो वे आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को भर्ती करना बंद कर देंगे। पत्र में ध्यान दिलाया गया है कि अस्पतालों का 400 करोड़ रुपये से अधिक बकाया सरकार पर है। आयुष्मान भारत के बारे में ऐसी शिकायतें कई अन्य राज्यों से भी आई हैं। ये खबरें बताती हैं कि भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें नकदी हस्तातंरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं। और ऐसा होना अस्वाभाविक नहीं है। यह मूलभूत सिद्धांत है कि कोई अर्थव्यवस्था उत्पादक निवेश और पूंजी निर्माण पर टिकी नहीं है, तो वह उपभोग उन्मुख जन कल्याण को सुनिश्चित नहीं कर सकती। ऋण लेना अपने आप में समस्या नहीं है, बशर्ते उसका उपयोग उत्पादन बढ़ाने या टिकाऊ संपत्ति खड़ी करने में हो रहा हो। इन दोनों प्रक्रियाओं से मांग पैदा होती है, जिससे स्वत: उपभोग बढ़ता है। इस क्रम में सरकार का कर राजस्व बढ़ता है, जिससे वह टिकाऊ जन– कल्याण योजनाओं को चलाने की बेहतर स्थिति में होती है। मगर अपने यहां उलटी राह चुनी गई है। इस बीच चुनावी राजनीति में वोट खरीदने की बढ़ी प्रवृत्ति ने स्थिति ओर बिगाड़ दी है। उसका परिणाम महाराष्ट्र और हरियाणा जैसी स्थितियां हैं।

# आम आदमी पार्टी के विखंडन की दिशा

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

दिल्ली विधानसभा के 2025 में चुनाव हुए तो आम आदमी पार्टी पराजित हो गई। यह आम आदमी पार्टी के नाम पर केजरीवाल की योजना के लिए गहरा आघात था आम आदमी पार्टी के गठन के पीछे किसकी योजना थी और क्या उद्देश्य था, इसको लेकर उन्हीं दिनों से माथापच्ची हो रही है जब से दिल्ली के रामलीला मैदान में महाराष्ट्र से अन्ना हजारे को लाकर बिठा दिया गया था और तीव्र गति से उसका नेतृत्व अरविंद केजरीवाल ने संभाल लिया था। अनेक उद्देश्यों में से एक उद्देश्य इस भय में से उपजा था कि जिस प्रकार की परिस्थितियां कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार को लेकर बनती जा रही थीं, उससे लगता था कि कांग्रेस की पराजय निश्चित ही थी। असली भय यह था कि कांग्रेस के संभावित पतन से उत्पन्न हुए शून्य को कौनसी राजनीतिक पार्टी भर सकती है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही थी कि यह शून्य भारतीय जनता पार्टी भर सकती थी। लेकिन पश्चिम में 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन' को लेकर जिस प्रकार की बहस छिड़ चुकी थी, उस वातावरण में यह प्रश्न भी बहस में आने लगा था कि यदि भारत में भाजपा सत्ता के केन्द्र में आ जाती है तो 'क्लैश ऑफसिविलाइजेशन' की बहस में भारत भी तीसरा पक्ष बन सकता है। शायद इसीलिए बहुत ही जल्दी में अरविंद केजरीवाल और उनके मित्र मनीष सिसोदिया को मैदान में उतारा गया। निराकार को साकार रूप देने के लिए उसके ऊपर आम आदमी पार्टी का नाम चस्पां कर दिया गया। उन दिनों ये आरोप भी लगे थे कि तुरत फुरत नई पार्टी बनाने और संवारने के लिए किसी एनजीओ के नाम से किसी अमरीकी फाऊंडेशन ने पैसा मुहैया करवाया था। जब चर्चा बहुत चल पड़ी तो केजरीवाल ने कुछ इस प्रकार का खंडन भी किया था कि पैसा वापस कर दिया गया था। केजरीवाल और उसका कद रातों रात बड़ा करना था, इसलिए केजरीवाल ने सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह इत्यादि को ही निशाने पर रखा। मीडिया ने बड़ी मेहनत से हवा बनाना शुरू कर दिया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस का विकल्प आम आदमी पार्टी ही है। यहां यह ध्यान में रखना चाहिए कि जब केजरीवाल और उनके मित्र मनीष सिसोदिया ने आम आदमी पार्टी का रूप धारण करना शुरू कर दिया था तो अन्ना हजारे को भी शक पडने् लगा था कि उनका किसी गहरी साजिश में दुरुपयोग किया गया है। वे वापस महाराष्ट्र चले गए थे। यह मानना पड़ेगा कि केजरीवाल और सिसोदिया की रणनीति पहले चरण में तो कामयाब ही रही। दिसंबर 2023 में जब दिल्ली विधानसभा के चुनाव हुए तो आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ दिया। उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित केजरीवाल के हाथों पराजित हुई। यह ठीक है कि कोई भी पार्टी बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी। कांग्रेस को केवल 8, भाजपा को 31 और आम आदमी पार्टी को 28 सीटें मिलीं। जिस प्रकार अन्ना हजारे का उपयोग शून्य में से एक नए राजनीतिक दल को आकार देने के लिए किया गया, इसी प्रकार अब कांग्रेस पार्टी का ही उपयोग केजरीवाल का कद बढ़ाने के लिए किया गया। कांग्रेस ने यह आत्मघाती भूल खुद की या किसी के इशारे पर, यह तो इशारे करने वाले या इशारे समझने वाले ही जानें, लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल को दिल्ली में सरकार बनाने के लिए अपने आठ विधायकों का समर्थन दे दिया और केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। अब तक केजरीवाल की छवि भ्रष्टाचार के विरोध में एक कट्टर ईमानदार व्यक्ति की बनाई गई थी। लेकिन अब उनको लांच करने के दूसरे चरण पर काम शुरू हो गया। अब उन पर महात्मा का आकार चस्पां करना था। सत्ता के लालच से दूर रहने वाला महापुरुष। सत्ता को ठोकर मार देने वाला महात्मा। इस प्रकार की छवि के लिए सत्याग्रह करना लाजिमी होता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री भरी सर्दी की रात्रि में भी सडक़ पर ही सत्याग्रही की मुद्रा में आ गए। कांग्रेस ने केजरीवाल को समर्थन दिया था। लेकिन केजरीवाल ने दिल्ली की जनता की खातिर कांग्रेस का वह समर्थन वापस कर दिया। मुख्यमंत्री की गद्दी को लात मार दी। विधानसभा भंग हो गई। दरअसल लोकसभा के चुनाव सिर पर आ गए थे। केजरीवाल देश में विकल्प के तौर पर उतरे थे या उतारे गए थे। इसलिए पूरे देश में आकार ग्रहण करने के लिए त्याग के इस अनुपम उदाहरण का प्रदर्शन अनिवार्य था। केजरीवाल की पार्टी ने पूरे देश भर में लोकसभा के लिए अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। वे स्वयं वाराणसी में नरेंद्र मोदी के मुकाबले में आ गए थे। कुमार विश्वास को राहुल गांधी के खिलाफ उतारा गया। लेकिन इस समय अमरीका के मीडिया की सक्रियता देखते ही बनती थी। उनका निष्कर्ष था कि आम आदमी पार्टी भारत में कांग्रेस का विकल्प बन कर उभर आई है। अब चिन्ता की जरूरत नहीं है। केवल पंजाब में आम आदमी पार्टी के चार सदस्य चुने गए जिनमें से भगवंत मान भी एक थे। बाकी सारे भारत में अरविंद केजरीवाल समेत सभी की जमानतें जब्त हो गई थीं। चुनाव नतीजों ने बताया कि कांग्रेस का विकल्प भारत के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को माना है। 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन' पर माथापच्ची करने वालों के लिए सबसे बड़ी चिन्ता भी यही थी। भाजपा के आने का अर्थ था केन्द्र में सशक्त सरकार का स्थापित ही नहीं हो जाना, बल्कि भारत का पुन: अपने सांस्कृतिक सूत्रों को मजबूत करना। लेकिन कांग्रेस ने जो गलती केजरीवाल को मुख्यमंत्री की पहचान देकर की थी, अब उसके परिणाम आने शुरू हुए। 2015 में दिल्ली विधानसभा के लिए पुन: चुनाव हुए तो कांग्रेस का तो एक भी प्रत्याशी जीत नहीं सका। 70 में से आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीत लीं। भाजपा को केवल तीन सीटें मिलीं। आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला और केजरीवाल पुन: मुख्यमंत्री बन गए। वे समझ गए थे कि अब उनको अपनी पार्टी में से उन सभी की छंटाई करनी है जो अपने पैरों पर खड़े हैं, केजरीवाल से बराबर बैठ कर बात करते हैं, जिनका यह भ्रम अभी तक बना हुआ है कि आम आदमी पार्टी आंदोलन से निकली थी और वे स्वयं इस तथाकथित क्रान्ति के हिस्सेदार थे। केजरीवाल को पता था कि आन्दोलन का ड्रामा पार्टी के जन्म की पूर्व निर्धारित योजना और स्क्रिप्ट को गरिमा प्रदान करने के लिए किया गया था। प्रशांत भूषण, आशुतोष, योगेन्द्र यादव, कुमार विश्वास, प्रो. आनन्द कुमार इत्यादि सभी को निकाल दिया गया या निकल गए। वैसे भी अब तक यह स्पष्ट होने लगा था कि आम आदमी पार्टी का जन्म भारतीय राजनीति में से विचार, चिन्तन व सांस्कृतिक पक्ष को निकाल कर साम्यवादी दर्शन की तर्ज पर भौतिक पक्ष को स्थापित करना है। 2017 में पंजाब विधानसभा के चुनाव में केजरीवाल ने एक बार फिर स्वयं को अखिल भारतीय कद के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। पंजाब विधानसभा के चुनावों में केजरीवाल ने अपने इर्द–गिर्द प्रचार सीमित कर आम आदमी पार्टी को मैदान में उतारा। अब यह बताने की कोई जरूरत नहीं है कि इस चुनाव में अमरीका व कनाडा से जरूरत से ज्यादा सक्रियता दिखाई गई थी। आम आदमी पार्टी ने बीस सीटें जीतीं। अमरीका व कनाडा में सक्रिय लोग सरकार की आशा लगाए बैठे थे। जब सरकार नहीं बनी तो अनेक विधायक भी इधर–उधर चले गए। लोकसभा के चार सदस्यों में से भी केवल भगवंत मान ही खड़े रहे। बाकी ने अपना–अपना रास्ता पकड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में पंजाब से आम आदमी पार्टी से केवल भगवंत मान ही जीत सके। लेकिन अब तक केजरीवाल ने अपना असली रंग भी दिखाना शुरू कर दिया था। शराब के मामले में केजरीवाल ने 'शराब की एक बोतल लेने पर एक मुफ्त' की जो जन कल्याणकारी योजना शुरू की और उन फ्री बोतलों के पीछे जो पैसे का खेला हुआ, उसके चलते केजरीवाल, उसके उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दूसरे मंत्री सत्येन्द्र जैन को लम्बे अरसे तक जेल में जाना पड़ा। मुकद्दमे अभी भी कोर्ट कचहरियों में चले हुए हैं।

## आलेख

# छत्तीसगढ़ की जड़ी-बूटियों से महकेगा नारी शक्ति का स्वावलंबन

**धनंजय राठौर,अशोक चंद्रवंशी**

छत्तीसगढ़ के वनांचल की गोद में छिपी अमूल्य औषधि संपदा अब केवल स्वास्थ्य का आधार नहीं, बल्कि प्रदेश की नारी शक्ति के आर्थिक स्वावलंबन का नया अध्याय बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन की जिस परिकल्पना को साकार कर रही है, उसे वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड धरातल पर उतार रहा है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। वनांचल में बिखरे पारंपरिक ज्ञान को महज एक स्मृति न रहने देने के संकल्प के साथ बोर्ड ने इसे वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत उन स्थानीय वैद्यों और जानकारों का चिन्हांकन शुरू किया गया है, जिनके पास असाध्य रोगों के उपचार का अद्भुत ज्ञान है। बोर्ड का प्रयास इन महिलाओं को एक उचित मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी विशेषज्ञता का लाभ समाज को मिले और वे स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर सकें। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उस विरासत का सम्मान है जिसे ग्रामीण महिलाओं ने सदियों से सहेजकर रखा है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक जड़ी–बूटी और जनजातीय ज्ञान को अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से नई पहचान मिल रही है। राज्य के वनों में छिपे औषधीय खजाने को वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित कर, उसे आजीविका के साधन के रूप में विकसित किया जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ा बदलाव तब दिखाई दे रहा है, जब जड़ी–बूटियों का संग्रहण करने वाली महिलाएं अब संग्राहक से आगे बढ़कर निर्माता की भूमिका में नजर आ रही हैं। बोर्ड के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, महिला स्व–सहायता समूहों को औषधि प्रसंस्करण के उन्नत गुर सिखाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल औषधीय पौधों का संरक्षण कर रही है, बल्कि वनवासियों और लघु वन उपज संग्राहकों की आय में वृद्धि करके उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। छत्तीसगढ़ में 1500 से अधिक सक्रिय वैद्यों के ज्ञान को सहेजने और जड़ी–बूटियों के विपणन के लिए छत्तीसगढ़ जनजातीय स्थानीय स्वास्थ्य परंपराएं और औषधीय पादप बोर्ड सक्रिय रूप से काम कर रहा है। यह संस्था हर्बल उत्पादों की खेती, मूल्य संवर्धन, और मार्केटिंग में तकनीकी सहायता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करती है। छत्तीसगढ़ में जड़ी–बूटी मूल्य संवर्धन एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से राज्य के समृद्ध वन संसाधनों को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित करके उनके आर्थिक मूल्य को बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार %छत्तीसगढ़ हर्बल्स% ब्रांड के तहत इन उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। जब ये महिलाएं वनों से प्राप्त कच्ची सामग्री को साफ कर, सुखाकर उसे चूर्ण, अर्क या तेल के रूप में परिवर्तित करती हैं, तो उत्पाद की कीमत और गुणवत्ता कई गुना बढ़ जाती है। इस मूल्य संवर्धन का सीधा आर्थिक लाभ उनके बैंक खातों तक पहुँच रहा है, जिससे बिचौलियों का वर्चस्व पूरी तरह समाप्त हो गया है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। 65 से अधिक लघु वन उपज प्रजातियों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) पर खरीदी और उनका प्रसंस्करण किया जा रहा है। यह पहल छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख हर्बल स्टेट के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो परंपरा और आधुनिक तकनीक का संगम है। छत्तीसगढ़, जिसे बूटिगढ़ भी कहा जाता है, अपने घने जंगलों, विशेषकर बस्तर में 160 से अधिक प्रकार की दुर्लभ जड़ी–बूटियों का प्राकृतिक खजाना है। यहाँ की मिट्टी में अश्वगंधा, सर्पगंधा, गोक्षुरा (गोखरू), कुटकी और तिखुर जैसी औषधियां पाई जाती हैं, जो स्वास्थ्य और जीवन शक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं । बाजार की चुनौतियों को अवसर में बदलते हुए बोर्ड ने विपणन तंत्र को पारदर्शी बनाया है। प्रदेश के छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड को सशक्त करने के लिए प्रदर्शनियों और रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से इन उत्पादों को सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के व्होकल फार लोकल और मुख्यमंत्री के लखपति दीदी अभियान को सफल बनाने में यह रणनीति संजीवनी का कार्य कर रही है।

# एग्री स्टैक:भारत की डिजिटल कृषि क्रांति

**डॉ. देवेश चतुर्वेदी**

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है। इस क्षेत्र में कुल श्रमशक्ति का लगभग 46 प्रतिशत हिस्सा जुटा हुआ है। पिछले दशक में सरकार की ओर से उत्पादन/उत्पादकता बढ़ाने, फसलों के विविधीकरण, खेती की लागत में कमी लाने, कृषि उत्पादों की बेहतर कीमत अर्जित करने, जलवायु के अनुकूल ढालने और जोखिमों को कम करने की बहुआयामी रणनीति के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के ठोस प्रयास किए गए हैं। केन्द्र प्रायोजित या केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के जरिए किसानों को विभिन्न सेवाओं या लाभों की निर्बाध, पारदर्शी और कुशल आपूर्ति संघीय या राज्य स्तर की सरकार की प्राथमिकता है। कुल कृषि भूमि का स्वामित्व और उस भूमि पर बोई गई फसलों का इतिहास किसी भी योजना के लाभ के लिए किसी भी किसान (चाहे वह मालिक हो, पट्टेदार हो या फिर बटाईदार हो) की पात्रता के आकलन की जरूरी शर्त है। हालांकि, देश भर में भूमि से संबंधित प्रशासन में पायी जाने वाली व्यापक भिन्नताएं एक बड़ी चुनौती पेश करती हैं। स्वामित्व और बुवाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को संकलित करने वाले एक मानकीकृत किसान डेटाबेस के महत्व एवं जरूरत को पहचानते हुए, सरकार ने वर्ष 2024 में डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की। किसानों के इस डेटाबेस को मजबूत सहमति तंत्र के साथ गतिशील रूप से अद्यतन किया जाता है। एग्री स्टैक, इस डिजिटल कृषि मिशन का एक प्रमुख स्तंभ है। यह अब इस मिशन के एक मौन लेकिन सशक्त परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में उभर रहा है। इसमें तीन विवरणी (रजिस्ट्री) ङ्क्ष खेत, किसान और बोई गई फसल – शामिल हैं। एग्री स्टैक भारत की कृषि से जुड़ी यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत का इशारा करता है। एक ऐसा अध्याय, जो माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। खेत वाली रजिस्ट्री में भौगोलिक संदर्भों के आधार पर कृषि भूखंडों का डेटाबेस शामिल होता है। इनमें से प्रत्येक भूखंड को एक अनूठी कृषि आईडी प्रदान की जाती है। दूसरी परत में, प्रत्येक भूमि के मालिक किसान को एक अनूठी फार्म आईडी प्रदान की जा रही है। इस आईडी में स्वामित्व वाली प्रत्येक भूखंड से संबंधित जरूरी जानकारियों के साथ–साथ सह–स्वामित्व के मामले में हिस्सेदारी का उल्लेख भी शामिल है। यह डेटा अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) से गतिशील रूप से जुड़ा हुआ है ताकि विरासत, बिक्री आदि के कारण स्वामित्व में हुआ कोई भी बदलाव किसान रजिस्ट्री में अद्यतन हो जाए। तीसरी परत में प्रत्येक भूखंड पर बोई गई फसल का विवरण शामिल होता है। यह विवरण बुवाई पूरी होने के बाद प्रत्येक फसल के मौसम में किए गए डिजिटल/तकनीक आधारित फसल सर्वेक्षण के जरिए हासिल किया जाता है। केन्द्र सरकार ने विभिन्न समझौता ज्ञापनों के जरिए 35 राज्यों और केन्द्र– शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी की है। इस डिजिटल मिशन को केन्द्र और राज्य के बीच मजबूत सहयोग के जरिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इसमें पूर्ण समावेशन सुनिश्चित करते हुए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। एग्री स्टैक एक संघीय डेटाबेस है जिसका स्वामित्व राज्यों/केन्द्र–शासित प्रदेशों के पास है, लेकिन केन्द्र सरकार सेवाओं की आपूर्ति और डेटा विश्लेषण के लिए इसका उपयोग कर सकती है। इसका उद्देश्य प्रत्येक किसान के लिए एक सत्यापित डिजिटल पहचान बनाना, उस पहचान को सटीक रूप से मैप किए गए भूखंड से जोड़ना और प्रत्येक मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को दर्ज करना है। यह स्टैक नियमों पर आधारित एवं स्वचालित सेवा वितरण को विभिन्न योजनाओं और भौगोलिक क्षेत्रों में संभव बनाता है। इससे किसानों को बार–बार अपनी पहचान, भूमि स्वामित्व या फसल के विवरण को साबित करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें गोपनीयता और डेटा संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से संबंधित जानकारी तक पहुंच एक मजबूत सहमति तंत्र के जरिए होती है। दशकों तक, कृषि संबंधी प्रशासन कागजी अभिलेखों और मैनुअल सर्वेक्षण पर बहुत अधिक निर्भर रहा। यह अक्सर नागरिकों के लिए उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का कारण बनता था। एग्री स्टैक इस पुरानी परंपरा से हटकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाता है। किसानों की पहचान का डिजिटलीकरण करके और उन्हें भूमि एवं फसल के आंकड़ों से जोड़कर, यह भारतीय कृषि की एक विश्वसनीय और नई तस्वीर पेश करता है। अब तक 9 करोड़ से अधिक किसान आईडी का सृजन इस सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये डिजिटल आईडी एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। इससे किसानों को बार–बार सत्यापन के बिना कई सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिलती है और लेन–देन की लागत कम हो जाती है। सरकारी एजेंसियों की दृष्टि से, ये आईडी लाभार्थियों की पहचान में होने वाली त्रुटियों को कम करते हैं और लाभ का सही लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित करने में सहायक साबित होते हैं। हालांकि, यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि एग्री स्टैक की शुरुआत मुख्य रूप से किसानों को विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के इरादे से की गई है, लेकिन यह भूमि के रिकॉर्ड या भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र की जगह नहीं लेगा। भले ही अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) के साथ इसका जुड़ाव प्रामाणिकता सुनिश्चित करता हो। वर्ष 2025–26 में, 24 राज्यों ने 600 से अधिक ज़िलों में लगभग 30 करोड़ भूखंडों पर मोबाइल उपकरणों, जियोटैगिंग और सैटेलाइट की मदद से डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण पारंपरिक विधियों से हटकर एक महत्वपूर्ण बदलाव है।

# फिटनेस है तो नशे व डिप्रैशन से दूरी भी होगी

**भूपिंदर सिंह**

आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम के साथ ही उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा फिटनेस के अभाव में आज का विद्यार्थी जहां असमय ही विभिन्न जानलेवा शारीरिक बीमारियों की चपेट में आ रहा है, वहीं पर मानसिक रूप से भी स्वस्थ नहीं रह रहा है। अभी तक इस तरफन तो अभिभावक ध्यान दे रहा है और स्कूल फिटनेस के लिए प्रशिक्षक व आधारभूत ढांचा बनाने से बच रहा है। फिटनेस न होने के कारण हुई बीमारियों का पता तीस बर्ष बाद चलता है। 2000 आरंभ होने के बाद जीवनशैली में बहुत परिवर्तन आया है। विद्यार्थी जीवन में पैदल चलना व शारीरिक गतिविधियों से दूर होना आम चलन हो गया है। अगले पांच सात वर्षों में युवा भरी जवानी में जब बीमार नजर आएंगे तो उस समय हमारे पास क्या बचेगा, इस पर अभी से सोचना शुरू कर दें तो ठीक रहेगा। पिछले एक वर्ष में दर्जनों युवाओं ने हृदयघात से दुनिया को अलविदा कह दिया है। जब किशोर अवस्था में फिटनेस पर काम नहीं होगा तो ऐसे हालात आम देखने को मिलेंगे। जब मन का विकास स्कूल का काम है तो फिर विद्यार्थी के स्वास्थ्य का जिम्मेदार कौन? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी स्कूल आने की उम्र में ही शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को



इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, समैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफमोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफलिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे–शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है और जो थोड़ा बहुत समय बचता है उसमें विद्यार्थी मोबाइल पर बर्बाद हो रहा है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा प्रेरणा समर कैम्प का आयोजन

■ गणित को हल करने के लिए राईट ब्रेन को एक्टिव करना होगा...



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-20 में आयोजित प्रेरणा समर कैम्प में मोटिवेशनल स्पीकर इन्जीनियर बी. एन. राव ने बच्चों के मन में गणित के प्रति रूचि पैदा करते हुए बहुत ही सरलता के साथ उनकी कठिनाईयों का समाधान भी किया।

इन्जीनियर बी. एन. राव ने कहा कि गणित जैसा आसान कोई दूसरा विषय नहीं है। गणित का भय अपने मन से निकाल दें। गणित के अधिकांश आविष्कार हमारे देश में हुए किन्तु यहाँ पर गणित को उतना महत्व नहीं दिया जाता है जितना कि अमेरिका आदि देशों में दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि इतिहास को आप रट सकते हो लेकिन गणित को नहीं रट सकते। उसे समझकर हल करना पड़ता है। गणित एकमात्र ऐसा विषय है जिसमें पूरे नम्बर प्राप्त किए जा सकते हैं। हमारे देश में कई महान गणितज्ञ हुए हैं जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है। इस देश के महान गणितज्ञों ने वर्षों पहले धरती से सूर्य के बीच की दूरी को गणना करके बतला दिया था। यहाँके बच्चे अन्य देशों की अपेक्षा गणित में होशियार होते हैं। अमेरिका में यह हालत है कि वहाँ के बच्चे बिना केलकुलेटर के छोटी मोटी गणना भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने राईट ब्रेन को एक्टिवेट करने के लिए बच्चों को अभ्यास बतलाया कि मार्निंग में एक से सौ तक की गिनती गिनना और बाद में उसे उल्टे क्रम में अर्थात सौ से एक तक गिनकर अभ्यास करना। यदि दोनों गणना में एक बराबर समय लगता है तो इसका मतलब है कि आपका राईट ब्रेन जागृत हो चुका है। ब्रेन का यही हिस्सा गणना करने का कार्य करता है। इसलिए गणित में होशियार बनने के लिए राईट ब्रेन का एक्टिव होना जरूरी है।

इन्जीनियर बी. एन. राव ने बतलाया कि पढ़ाई के लिए मानसिक शान्ति जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में तनाव और क्रोध से बचें। शान्त रहने से हमारे अन्दर नये सात सौ सेल्स बढ़ जाते हैं। उन्होंने मेडिटेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जो आदमी जितना शान्त रहेगा वह जिन्दगी में उतना ही आगे बढ़ेगा। गणित में सफल होने के लिए मन की शान्ति आवश्यक है।

# जैन मिलन महिला द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों को बांटे विभिन्न सामग्री



■ छतीसगढ बाल कल्याण परिषद के बच्चो को स्पीच थेरपी किट, हियरिंग थेरपी किट एंव शिक्षण सामग्री प्रदान किए

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जैन मिलन महिला रायपुर द्वारा 2 मई को जैन मिलन के 6। वें स्थापना दिवस पर रायपुर मे छतीसगढ बाल कल्याण परिषद के बच्चो को स्पीच थेरपी किट, हियरिंग थेरपी किट एंव शिक्षण सामग्री प्रदान की गयी जिससे उनके जीवन के विकास को नयी दिशा मिल सके जिसमेंसभी वीरागनाओ द्वारा दान राशि देकर सहयोग किया गया और संस्था के आटिज्म बच्चो के साथ समय व्यतीत किया गया उनके जीवन से जुडी छोटी छोटी मुश्किलो को जाना और उनके जीवन को किस तरह हमारे जैसे लोगों के दान से संस्था सुगम बनाती है बहुत ही हृदय मार्मिक था। हमारे द्वारा वहाँ की अधयक्षा का उनके बहुत नेक कार्य के लिये सम्मान किया गया।

# रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा वोकेशनल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन, उत्कृष्ट विभूतियाँ सम्मानित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में जुटे रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा एक भव्य वोकेशनल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले पांच प्रतिष्ठित नागरिकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक (IGP) डॉ. संजीव शुक्ला (IPS) उपस्थित रहे। वहीं, रोटरी डिस्ट्रिक्ट के छ्रत्नह भानु प्रताप सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अपने-अपने क्षेत्रों में राज्य और देश का मान बढ़ाने वाले निम्नलिखित पांच व्यक्तित्वों को वोकेशनल अवार्ड से नवाजा गया ग्रुप कैप्टन सतीश मिश्रा (रक्षा सेवा) डॉ. शिरीष चंद्र मिश्र (राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ पत्रकार) राम नारायण व्यास (अधिवक्ता) डॉ. अनिकेत ठोके (प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ) सुश्री कस्तूरी बल्ला (पशु संरक्षक)

मानवता की सेवा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर ने चरमेटी फाउंडेशन के साथ मिलकर एक किफायती एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की। इस सेवा के तहत स्थानीय स्तर पर जरूरतमंदों को मात्र ?351 में एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जो स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्लब की एक बड़ी उपलब्धि है।

# 11 जयपुर पैर कटे दिव्यांगों ने परिवार सहित व्यसन मुक्ति का संकल्प लिया

■ श्री विनय मित्र मण्डल ने 40 वर्षों में 25 हजार दिव्यांगों को दिये रायपुर में निर्मित जयपुर पैर



**रायपुर(विश्व परिवार)।** भारतीय जैन संघटना महिला शाखा चौबे कॉलोनी द्वारा श्री विनय मित्र मण्डल के सहयोग से 11 जयपुर पैर का वितरण किया गया । जयपुर पैर पहनकर सभी दिव्यांग भाई बहनों ने अपने पैरों पर चलकर ख़ुशी ज़ाहिर करने लगे , और उनकी ख़ुशी देखते बन रही थी , सभी दिव्यांग भाई बहनों ने परिवार सहित माँसाहार त्याग और मदिरा सेवन न करने का संकल्प लिया और सभी को बिस्किट व ठंडा वितरण भी किया । कार्यक्रम में अध्यक्ष संध्या जैन व सचिव कल्पना देशलहरा ने व्यसन मुक्ति हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम में श्री विनय मित्र मंडल के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर, खेमराज जी बैद , ने इस कार्यक्रम में शिरकत की । श्री विनय मित्र मण्डल के संस्थापक महेन्द्र कोचर व पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने बताया कि संस्था द्वारा 1986 से संचालित जयपुर पैर के स्थायी वर्कशॉप में 25 हजार से ज़्यादा कृत्रिम पैरों का निर्माण कर वितरण किया गया है । ये जयपुर पैर बहुत उपयोगी साबित हुए हैं । महेन्द्र कोचर ने कहा मानव सेवा ही माधव सेवा है । कार्यक्रम में श्रीमती बसंती गोलछा, संध्या जैन, कल्पना देशलहरा, प्रमोद चोपड़ा, प्रमिला जैन आदि सदस्यों ने अपने भरपूर सहयोग के साथ उपस्थिति दी।

# महापौर चिखली में आयोजित शिविर में पहुॅच स्टाल का लिया जायजा

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओ का लाभ देने तथा जनता से सीधे संवाद करने छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार 2026 के तहत वार्डो के लिए स्कूलो में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। आज दूसरे दिन वार्ड नं. 4,5 व 6 के लिए चिखली स्कूल में आयोजित शिविर में महापौर की मधुसूदन यादव उपस्थित होकर वार्डवासियो से रूबरू हो अपनी समस्या संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील किए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य नागरिको के क्षेत्र पहॅुच उनकी समस्या का निराकरण करना एवं उन्हे शासन की जन कल्याणकारी योजना का लाभ देना है। उन्होंने शिविर के अधिकारियो से कहा कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता तय कर समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करे, ताकि जनता की समस्या का समाधान हो सके। महापौर श्री यादव,पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, जल व विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्रीमती श्रुति जैन व श्री मनोहर यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री सचिन टुरहाटे व श्री लोकेश जैन के साथ शिविर का निरीक्षण कर पीएम स्व निधि योजनांतर्गत रामनगर निवासी श्रीमती दुर्गा साहू को ब्यूटीपार्लर के लिए बैंक आफ महाराष्ट्र से स्वीकृत द्वितीय किस्त ऋण राशि 25 हजार रूपये का ऋण वितरण पत्र दिए।

# लायवलीहुड कॉलेज जोरा में 12 मई को रोजगार मेला

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर द्वारा दिनांक 12 मई 2026 (सोमवार) को लायवलीहुड कॉलेज, जोरा में प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 03ः00 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्थाएँ ESAF Swasraya Multistate Agro Cooperative Society Limited, JD Hardscapes Private Limited, El&er Communications Private Limited, Parishram Human Resource, ITM Edutech Training Pvt. Ltd. आदि शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा कक्षा 5वीं से 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई., इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा पास आवेदकों के लिए कुल 413 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों को छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। इच्छुक एवं योग्य आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

# जन समस्या निवारण शिविर में नंदिनी और बबीता को मौके पर मिला श्रम कार्ड

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'सुशासन तिहार 2026' के तहत आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों और श्रमिकों के लिए त्वरित राहत का माध्यम बन रहे हैं। तिल्दा विकासखण्ड के ग्राम ताराशिव में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम ताराशिव निवासी श्रीमती नंदिनी वर्मा एवं श्रीमती बबीता वर्मा को मौके पर ही श्रम कार्ड प्रदान किया गया।





श्रीमती नंदिनी एवं श्रीमती बबीता ने कहा कि वे बहुत खुश हैं। आज शिविर में आते ही उनका कार्ड बन गया, श्रम कार्ड के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति की सहायता से वे अपने बच्चों को पढ़ा-लिखाकर उनके भविष्य को संवार सकती हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया।

पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेज - आयु 14 वर्ष से अधिक। मासिक आय शहरी क्षेत्र में 15,000 रुपये एवं ग्रामीण क्षेत्र में 10,000 रुपये से अधिक न हो। आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र (अंकसूची/मतदाता परिचय पत्र/जन्म प्रमाण-पत्र), स्व-घोषणा पत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटो।

# अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही जारी

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाये विज्ञापन बोर्ड नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में गत दिनों लगभग 500 बोर्ड हटाये थे और आज शहर के प्रमुख मार्गो के डिवाईडर एवं विद्युत पोलो में लगे 170 पोस्टर व छोट विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई।



निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फलाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे।

# जादू-टोना नहीं, डर-अज्ञानता है असली वजहः डॉ. दिनेश मिश्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियां समाज के विकास में बड़ी बाधा हैं। उन्होंने साफ कहा कि जादू-टोना जैसी चीजों का कोई अस्तित्व नहीं है, यह सिर्फ डर, असुरक्षा और अज्ञानता का परिणाम है।

डॉ. मिश्र ने बताया कि पिछले 30 वर्षों में ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में काम करते हुए उन्होंने पाया कि जहां संसाधनों की कमी होती है, वहां असुरक्षा बढ़ती है और वहीं से अंधविश्वास जन्म लेता है। कई बार लोग बीमारी में अस्पताल जाने के बजाय ओझा-गुनिया के पास जाते हैं, जिससे इलाज में देरी और जान तक का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में फसल खराब होने या पारिवारिक समस्या का कारण वैज्ञानिक नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति खासकर महिलाओं पर डायन का आरोप लगाकर निकाल लिया जाता है। इससे हिंसा और सामाजिक बहिष्कार जैसी गंभीर घटनाएं होती हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 51 के तहत हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाए। लेकिन सिर्फ कानून से सोच नहीं बदलती, इसके लिए लगातार जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों को सीधे गलत कहने के बजाय समझाना जरूरी है। जब चमत्कार के पीछे का विज्ञान प्रयोगों से दिखाया जाता है, तो लोग खुद समझते हैं और उनकी सोच बदलती है। विज्ञान को खेती, स्वास्थ्य और आजीविका से जोडना होगा। अगर लोग अंधविश्वास छोडकर सही दिशा में पैसा खर्च करें, तो उनका जीवन बेहतर हो सकता है।

# स्मार्ट ट्रैफिक और बेहतर लॉजिस्टिक्स के लिए चेम्बर और महालेखाकार कार्यालय एकजुट

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज दिनांक 06 मई 2026 को बॉम्बे मार्केट स्थित चैधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शहरी गतिशीलता (Urban Mobility) की चुनौतियों और सुधारों पर चर्चा हेतु एक महत्वपूर्ण हितधारक बैठक (Stakeholders Meeting) संपन्न हुई। यह बैठक छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के नेतृत्व में, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के लेखापरीक्षा योजना 2026-27 के अंतर्गत महालेखाकार (लेखापरीक्षा) छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई।



बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में शहरी यातायात, माल परिवहन और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से जुड़ी जमीनी समस्याओं को समझना तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा प्रस्तावित ऑडिट हेतु विशेषज्ञों और संघों से सुझाव आमंत्रित करना था।

बैठक में महालेखाकार कार्यालय से उपस्थित सीनियर डीएजीद Senior DAG½ मिस प्रियाति कावड़ो ने अपने संबोधन में कहा कि ष्टत्न का उद्देश्य केवल वित्तीय ऑडिट तक सीमित नहीं है, बल्कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शहरी गतिशीलता जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं आम जनता और व्यापारिक जगत के लिए कितनी प्रभावी साबित हो रही हैं। हितधारकों से प्राप्त ये व्यावहारिक सुझाव नीतिगत सुधारों में मील का पत्थर साबित होंगे।

वहीं, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी मो. इकबाल अंसारी एवं श्री मनीष कुमार शुक्ला ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डेटा और जमीनी फीडबैक का सही तालमेल ही भविष्य की परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बना सकता है। उन्होंने पारदर्शिता और डिजिटल समाधानों की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में चर्चा के आधार पर एक हस्ताक्षरित कार्यवृत्त (Minutes of Meeting) तैयार किया गया, जिसे आगामी सुधारों के लिए आधार बनाया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न परिवहन संघों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को विस्तार से रखा जो निम्नानुसार हैं:-

1. माल परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स:- चेम्बर पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में शहर के भीतर स्थित गोदामों तक माल पहुँचाने के लिए समय की कड़ी पाबंदियाँ हैं। प्रवेश के सीमित घंटों के कारण ट्रकों की लंबी कतारें लगती हैं, जिससे न केवल माल की डिलीवरी में देरी होती है, बल्कि शहर की आंतरिक यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है। इसके समाधान के लिए रात के समय माल की आवाजाही को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने पर चर्चा हुई तथा यह भी सुझाव दिया कि शहर के चारों कोनों पर आधुनिक लॉजिस्टिक्स हब्स और ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किए जाएं। इससे भारी वाहनों को शहर के भीतर आने की आवश्यकता कम होगी। इन हब्स में वेयरहाउसिंग, लोडिंग-अनलोडिंग के लिए पर्याप्त स्थान और ट्रक ड्राइवरों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल इनोवेशन के नए दौर की शुरुआत: Samsung ने स्टार्टअप्स को किया आमंत्रित

**गुरुग्राम।** Samsung R&D इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु (SRI-B) और Samsung RD इंस्टीट्यूट,नोएडा (SRI-N) ने Samsung मोबाइल एडवांस (SMA) के 2026 संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह Samsung का प्रमुख वैश्विक स्टार्टअप इनक्यूबेशन और साझेदारी कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य अगली पीढ़ी की मोबाइल तकनीकों को आगे बढ़ाना है। Samsung केओपन इनोवेशन विज़न पर आधारित, SMA प्रोग्राम का लक्ष्य डीप-टेक स्टार्टअप्स और Samsung के ग्लोबल मोबाइल इकोसिस्टम के बीच की दूरी को कम करना है, जिससे दुनिया भर में लाखों डिवाइसों पर ज़बरदस्त इनोवेशन संभव हो सकें। अपने लेटेस्ट एडिशन में, स्रू भारत के स्टार्टअप्स को मोबाइल अनुभवों के भविष्य को आकार देने में Samsung के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी शुरुआत से ही, Samsung की ओपन इनोवेशन पहल ने बाहरी इनोवेशन को इन-हाउस R&D के साथ मिलाकर, ग्राहकों को अलग तरह के अनुभव देने पर ध्यान केंद्रित किया है। इंटीग्रेटेड पार्टनरशिप, रणनीतिक निवेश और स्टार्टअप इनक्यूबेशन जैसे समर्पित लक्ष्यों के साथ, स्रू उच्च क्षमता वाले स्टार्टअप्स की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 2023 में भारत में लॉन्च हुए SMA ने प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट (PoC) डेवलपमेंट के लिए 50,000 तक का एक खास ग्रांट फंडिंग मॉडल पेश किया, जिसमें कोई इक्विटी नहीं ली जाती। इससे स्टार्टअप्स को Samsung के इकोसिस्टम के भीतर अपने इनोवेशन को वैलिडेट और स्केल करने में मदद मिलती है। इस मॉडल के तहत, Samsung इस प्रोग्राम के ज़रिए डेवलप किए गए आइडियाज़ के लिए स्टार्टअप्स में कोई इक्विटी या मालिकाना हक नहीं लेता है।

### सही दवा-शुद्ध आहार' अभियान: भोपालपटनम में ढाबों व दुकानों पर कार्रवाई

**बीजापुर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत भोपालपटनम में व्यापक निरीक्षण और कार्रवाई की गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संचालित ढाबा, होटल, डेलीनीड्स, जूस सेंटर, फल दुकान, मिठाई दुकान और फास्ट फूड सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों में अनियमितता पाए जाने पर सत्यनारायण भोजनालय, मोना ढाबा, श्रीराजन ढाबा और लक्ष्मी फास्ट फूड पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही खाद्य कारोबारियों को स्वच्छता बनाए रखने, हाइजीन मेंटेन करने और खाद्य सुरक्षा से जुड़े आवश्यक नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए।

# सुशासन तिहार के शिविरों की जमीनी हकीकत: बड़े दावों के बीच अधिकारियों की कमी, ग्रामीणों की घटती भागीदारी






**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में जनसमस्या निवारण शिविरों को लेकर जहां एक ओर प्रशासन सुशासन का दावा कर रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ताजा मामला गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों का है, जहां आयोजित शिविरों में जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति साफ नजर आई। उनके स्थान पर केवल निचले स्तर के कर्मचारी और प्रभारी अधिकारी ही व्यवस्थाएं संभालते दिखाई दिए।

ग्रामीणों का कहना है कि जब शीर्ष अधिकारी ही मौजूद नहीं रहते, तो समस्याओं का ठोस और स्थायी समाधान कैसे संभव होगा। यही वजह रही कि इस बार शिविरों में ग्रामीणों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम देखने को मिली। लोगों में यह धारणा बनती जा रही है कि इन शिविरों में केवल औपचारिकता निभाई जाती है, जबकि उनकी वास्तविक समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं।

विपक्ष ने भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए आरोप लगाया है कि पूर्व में आयोजित समाधान शिविरों में भी आवेदन तो लिए गए, लेकिन उनकी समस्याओं का वास्तविक निराकरण आज तक नहीं हुआ। कागजों में निराकरण दिखाकर जिम्मेदारी पूरी कर ली गई, जबकि आम जनता को न तो स्पष्ट जवाब मिला और न ही समाधान।

हालांकि प्रशासन की ओर से दूसरी तस्वीर भी सामने रखी जा रही है। मौंहाभाठा जैसे क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में कुछ हितग्राहियों को तत्काल लाभ जरूर मिला—जैसे आवास की चाबी वितरण, मत्स्य जाल, और विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता। विभागीय स्टॉलों के जरिए योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

लेकिन बड़ा सवाल अब भी कायम है—क्या ये लाभ सीमित लोगों तक ही सिमट कर रह जाएंगे? और क्या बिना वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के जटिल समस्याओं का समाधान संभव है?

ग्रामीणों के बीच बढ़ती नाराजगी और घटती भागीदारी इस बात का संकेत है कि सिर्फ शिविर लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि विश्वास कायम करना जरूरी है। जब तक हर आवेदन पर पारदर्शी और ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक सुशासन के ये दावे सवालों के घेरे में ही रहेंगे।

सुशासन तिहार अब एक परीक्षा बन चुका है—जहां प्रशासन को सिर्फ योजनाएं नहीं, बल्कि भरोसा भी देना होगा।

# गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1.95 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत पाण्डुका थाना पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1 किलो 952 ग्राम अवैध गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 1 लाख 7 हजार 600 रुपये बताई जा रही है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पोड़ मुड़ा तालाब के पास एक युवक पीले रंग की थैली में गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना पाण्डुका की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम खुलेश कुमार तारक (22 वर्ष), निवासी ग्राम पोड़, थाना पाण्डुका, जिला गरियाबंद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पीले रंग की थैली में रखा गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही तौल करने पर गांजा का वजन 1 किलो 952 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 97,600 रुपये है। साथ ही एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत जिले भर में अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

गिरफ्तार आरोपी:

खुलेश कुमार तारक (22 वर्ष), निवासी ग्राम पोड़, थाना पाण्डुका, जिला गरियाबंद

जब्त सामग्री:

1 किलो 952 ग्राम गांजा (कीमत 97,600 रुपये)

एक मोबाइल फोन (कीमत 10,000 रुपये)

# कामधेनु लिमिटेड छत्तीसगढ़ में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

### एक वर्ष में अपनी उत्पादन क्षमता को 20त्न और बढ़ाने का रखा लक्ष्य

### चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करेगी कंपनी

**रायपुर:** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को 20त्न और बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है। हमारी उत्पादन क्षमता और चैनल पार्टनर नेटवर्क का विस्तार हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कामधेनु लिमिटेड नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के लिए समर्पित है। कामधेनु नेक्स्ट' कामधेनु में प्रचलित विश्व स्तरीय अनुसंधान एवं विकास और अभिनव उत्पाद विकास का एक उत्पाद है। 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ, कामधेनु नेक्स्ट ऐसी विशेषताएं प्रदान करता है जो इंजीनियर मज़बूत संरचनाओं और स्मार्ट आर्किटेक्चरल अवधारणाओं में नए युग की आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं। उन्होंने आगे कहा की , कामधेनु इस क्षेत्र में उभरती जरूरतों को पूरा करने और बाजार में तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए विश्व स्तर के उत्पादों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने आगे कहा। कामधेनु नेक्स्ट को डबल रिब वाले अनोखे डिजाइन, अधिक मजबूती और लचीलापन, सामान्य स्टील टीएमटी बार से अधिक बेहतर बनाते हैं। 'कामधेनु नेक्स्ट' ने विशिष्ट डिजाइन की बदौलत कंक्रीट के साथ बेहतरीन तरीके से जोड़ने (इंटरलॉकिंग) में एक नया मानक गढा है जो ढांचे को अधिक मजबूती देता है।

# सुशासन तिहार- 2026 : जनसमस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी का प्रभावी माध्यम

### मारकेल सुशासन तिहार में सांसद और विधायक तथा कोलावल शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष हुए शामिल






**जगदलपुर/** सुशासन तिहार के तहत जगदलपुर विकासखंड के ग्राम मारकेल एवं बकावंड विकासखंड के कोलावल में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के तहत आयोजित मारकेल शिविर में सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप एवं विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की जनहितकारी पहल की सराहना की। जबकि कोलावल में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप सहित अन्य जिला एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए ।

सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार शासन-प्रशासन को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से एक त्योहार के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाएं।

विधायक श्री किरण सिंह देव ने कहा कि सरकार जनता के लिए सतत कार्य कर रही है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों—विधायक, सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे आम जनता की बात, शंकाओं और समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभाग सीधे जनता के बीच पहुंचकर अपनी योजनाओं, कार्यों की जानकारी देते हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करते हैं। सुशासन तिहार का उद्देश्य है कि शासन की योजनाएं कागज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि हर पात्र व्यक्ति तक उनका वास्तविक लाभ पहुंचे। आज यहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल, योजनाओं की जानकारी और समस्याओं के समाधान का जो प्रयास हो रहा है, वह इसी सोच का परिणाम है कि शासन खुद जनता के द्वार तक पहुंचे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि जब तक हम गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं को नहीं समझेंगे, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। इसलिए सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।सुशासन तिहार के शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण जरूर करवाएं।

सुशासन तिहार के तहत जगदलपुर विकासखंड के ग्राम मारकेल शिविर में 89 आवेदन प्राप्त हुए। मारकेल में आयोजित क्लस्टर स्तरीय शिविर में 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में 29 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनका निरीक्षण सांसद एवं विधायक ने किया।बकावंड विकासखंड के कोलावल में आयोजित सुशासन तिहार में 76 आवेदन प्राप्त हुए, कोलावल आयोजित क्लस्टर स्तरीय शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए।

मारकेल शिविर में विधायक श्री देव एवं सांसद श्री कश्यप ने कुल 2 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से 30 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। शिविर में बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार तथा सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक श्री लच्छूराम कश्यप, सरपंच श्री करतम ने भी संबोधित किया।मारकेल के कार्यक्रम में एसडी एम श्री ॠषिकेश तिवारी, जनपद सीईओ अमित भाटिया, नोडल अधिकारी नेहा देवांगन सहित अन्य अधिकारी और संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इसी प्रकार कोलावल में आयोजित शिविर में एसडीएम मनीष वर्मा, जनपद सीईओ परमेश्वर कुर्रे, नोडल अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास के अधिकारी श्री मनोज सिन्हा उपस्थित रहे ।

**शिविर में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ, जीवन में आए सकारात्मक बदलाव-** सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योजनाओं से उन्हें किस प्रकार सीधा लाभ मिला और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।

शिविर में मत्स्य पालन हेतु तालाब पट्टा प्राप्त करने वाले हितग्राही, राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से लाभान्वित किसान, मुख्यमंत्री विशेष सहायता प्राप्त हितग्राही, आयुष्मान कार्ड धारक, महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लाभार्थियों ने मंच पर आकर अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि शासन की योजनाओं से आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और जीवन स्तर बेहतर हुआ है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आइसबॉक्स प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड और सिकलसेल कार्ड का वितरण किया, वहीं टीबी मरीजों को पोषण आहार के रूप में फूड बास्केट दिया गया। इसके साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाने वाले हितग्राहियों को चश्मे भी वितरित किए गए। किसानों को किसान किताब, शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूली बच्चों को जाति प्रमाणपत्र, गणवेष और पानी बॉटल का वितरण और समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक पेंशन के हितग्राही को वितरण किया गया ।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दुर्ग।** जिले के नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने यहां पर क्षेत्र के विकास को नई गति देने 09 करोड़ 95 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 508.40 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और 487.46 लाख रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से पाटन की अधोसंरचना को नई मजबूती प्रदान की गई। इस ऐतिहासिक अवसर में सांसद श्री विजय बघेल उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव को गजमाला पहनाकर स्वागत किया।



विकास कार्यो के लोकार्पण के पहले उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 20 मई तक गांव-गांव में जाकर कृषि संबंधित नई तकनीक एवं सरकारी की योजनाओं की जानकारी देगा और किसानों के साथ सीधा संवाद करेगा। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों संबंधी आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि एक ही दिन में इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने पिछले वर्षों की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने कम समय में अधिक कार्य किए हैं। बीते दो वर्षों में नगर पंचायत पाटन को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 23 करोड़ 87 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है, जिससे शहर के विकास को नई गति मिली है। सड़कों, स्वच्छता, आवास और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत 27 महीनों की राशि के भुगतान के साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को साझा किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार तेज गति से योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान कर रही है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में सात निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार मिला था, जिसमें पाटन को भी सम्मानित किया गया था और बिल्हा विकासखंड पहले नम्बर था। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बने इसके लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है।

# नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई, डेंगू और मलेरिया के विरुद्ध घर-घर जागरुकता

**भिलाईनगर।** निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन और जन-जागरूकता के लिए जोन-3 मदर टेरेसा नगर में व्यापक अभियान चलाया गया। वार्ड-35, शारदा पारा स्थित कुष्ठ बस्ती एवं भैरव बस्ती में निगम के विशेष दस्ते और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम ने घर-घर जाकर गहन सर्वेक्षण किया। टीम ने प्रत्येक घर में कूलर, पानी की टंकियों, ड्रमों और पुराने कंटेनरों की बारीकी से जांच की। जहां भी मच्छरों का प्रजनन (लार्वा) पाया गया, उस जमा पानी को तुरंत खाली करवाया गया। मच्छर लार्वा के नियंत्रण के लिए एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। वयस्क मच्छरों को खत्म करने के लिए स्प्रेयर पंप के माध्यम से मैलाथियान का छिड़काव सुनिश्चित किया गया। बस्तियों की पक्की और कच्ची नालियों में ठहरे हुए पानी पर भी कीटनाशकों का उपयोग किया गया। सर्वे के दौरान नागरिकों को मच्छरदानी का उपयोग करने, घर के आसपास पानी न जमने देने और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपायों के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। साथ ही, बचाव संबंधी जानकारी से युक्त पाम्पलेट का वितरण भी किया गया।



नगर निगम प्रशासन ने अपील की है कि नागरिक अपने घरों के आसपास सफाई रखें और सप्ताह में कम से कम एक बार अपने कूलर और पानी के बर्तनों को सुखाकर साफ करें, ताकि मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके।

# सीएम विष्णुदेव साय ने अखबार में प्रकाशित पेयजल समस्या की खबर पर लिया त्वरित संज्ञान

- सुबह अखबार पढ़ते ही कलेक्टर सरगुजा को फोन कर दिए समाधान के निर्देश
- मैनपाट के सपनादर स्थित चेराजोबला बस्ती में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले के मैनपाट क्षेत्र की चेराजोबला बस्ती में पेयजल समस्या से संबंधित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज सुबह समाचार पत्रों का अवलोकन करते समय नाला और ढोढ़ी के दूषित जल पर आज भी निर्भर हैं वनवासी शीर्षक से प्रकाशित खबर को गंभीरता से लिया और सरगुजा कलेक्टर श्री अजीत वसंत को फोन कर प्रभावित बस्ती में शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेराजोबला बस्ती में पेयजल संकट की स्थिति का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार हैंडपंप खनन, वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था और दीर्घकालिक समाधान की दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के निवास वाले क्षेत्रों में पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका वास्तविक लाभ ज़मीन पर सुनिश्चित करना है।



# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ निगम की सख्त कार्यवाही, जुर्माना वसूला गया



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम बीरगांव के आयुक्त के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में निगम की टीम द्वारा अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं बिक्री पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान 9 दुकानदारों से कुल 12 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए तथा उनसे कुल 6,650 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

इसके अतिरिक्त दिनांक 04.05.2026 को भी अभियान चलाते हुए 22 फुटकर विक्रेताओं से 1 किलोग्राम प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए और उनसे 2,200 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

निगम आयुक्त ने सभी व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद करें तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

उक्त कार्यवाही के दौरान उड़नदस्ता टीम के साथ स्वास्थ्य अधिकारी श्री कमल नारायण जांघेल एवं श्री राजेश सिंह उपस्थित रहे।

# निष्क्रिय संपत्तियों के पुनरुद्धार से उर्वरक उत्पादन को मिलेगा बलः बृजमोहन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल बुधवार को नई दिल्ली में रसायन एवं उर्वरक संबंधी स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक में देश के औद्योगिक, कृषि एवं औषधीय क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उर्वरक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की निष्क्रिय पड़ी संपत्तियों की समीक्षा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि देश की मूल्यवान संपत्तियों का निष्क्रिय रहना राष्ट्र की प्रगति में बाधक है। उन्होंने सुझाव दिया कि इन संसाधनों का पुनरुद्धार कर उर्वरक उत्पादन की क्षमता बढ़ाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब खाद का उत्पादन बढ़ेगा, तभी छत्तीसगढ़ समेत देशभर के अन्नदाताओं के पसीने की सही कीमत मिलेगी और उन्हें समय पर खाद उपलब्ध हो सकेगी।

# ढाई साल में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं कर पायी : धनंजय सिंह ठाकुर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा सरकार ने ढाई साल में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति नहीं कर पायी। इससे समझ में आता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार कितना गंभीर है, यही कारण है प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है, पूर्णकालिक डीजीपी नहीं होना सरकार की अनिर्णय की स्थिति को स्पष्ट कर रहा है, सरकार आखिर कौन चला रहा है? सरकार के फैसले दिल्ली से होंगे तो इसलिए ये स्थिति निर्मित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश जैसे संवेदनशील राज्य में स्थायी डीजीपी का न होना प्रशासनिक विफलता और सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति को दर्शाता है। पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, ये सरकार की अनिर्णय स्थिति को दर्शाता है।



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी जिस पद पर टिकी होती है, वही पद लंबे समय से अस्थायी व्यवस्था के भरोसे चल रहा है। इससे न केवल पुलिस विभाग का मनोबल गिरता है, बल्कि अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक समन्वय पर भी गंभीर असर पड़ता है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक हितों और अंदरूनी खींचतान के चलते योग्य अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर पा रही है।

# नाले के ऊपर 50 मीटर के अवैध पाटे को जेसीबी से तोड़ा गया

- लगभग 2 ट्रक मलबा निकाला एवं 10 हजार रू. का जुर्माना लगाया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दिलीप साहू, श्री प्रेम मानिकपुरी की उपस्थिति में जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर वार्ड कमाक 40 क्षेत्र अंतर्गत ग्लोबल हॉस्पिटल के पास नाले के ऊपर लगभग 50 मीटर क्षेत्र में निर्मित अवैध पाटे को तत्काल स्थल पर जनशिकायत सही मिलने पर जेसीबी मशीन बुलवाकर तुडवाने एवं लगभग 2 ट्रक मलबा नाले से बाहर निकालकर नाले में स्वच्छता की बाधा दूर करने कार्यवाही की एवं ग्लोबल हॉस्पिटल के सम्बंधित प्रबंधक को भविष्य के लिए नियमानुसार कड़ी कार्वाई की चेतावनी देते हुए तत्काल 10 हजार रू का जुर्माना कर एवं नाले को अवैध पाटा तोडकर कब्जामुक्त करवाकर स्वच्छता की बाधा तत्काल दूर करते हुए जोन के स्तर पर प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया ।



# शहर की सड़कों की सफाई में आई रफ्तार, आधुनिक मशीन से घंटों में हो रहा कार्य

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में अब नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सड़क सफाई कार्य में उल्लेखनीय तेजी लाई गई है।शहर क्षेत्र के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा रोड स्वीपिंग (मशीन आधारित सफाई) कार्य को ट्रैफिक कम होने के पश्चात रात्रिकालीन समय में संचालित किया जा रहा है। इस पहल से न केवल सफाई कार्य में गति आई है, बल्कि दिन के समय यातायात भी प्रभावित नहीं हो रहा है।




उक्त आधुनिक मशीन की विशेषता यह है कि यह लगभग 15 किलोमीटर लंबी एवं 10 फीट चौड़ा क्षेत्रफल को मात्र 8 घंटे में साफ करने की क्षमता रखती है। इससे पहले यही कार्य मैन्युअल रूप से करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता था। जानकारी के मुताबिक मशीन के माध्यम से सफाई कार्य में न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने बताया कि निगम का लक्ष्य है कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों को नियमित रूप से मशीन के माध्यम से साफ कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस नवाचार से शहरवासियों को साफ-सुथरी सड़कें मिलने के साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।जन संपर्क/राजू बक्शी

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीजापुर जिले के ग्राम तर्रेम में खोली अपनी 223 वीं शाखा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक, ने बीजापुर जिले के तर्रेम गांव में अपनी नई शाखा का शुभारंभ कर एक कदम आगे बढ़ाया है, जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद मिलेगी । इस कार्यक्रम में माननीय श्री ओ पी चौधरी, वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन सहित श्री दिवाकर पी सिंह, अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, रायपुर अंचल की वर्चुअल रूप से गरिमामयी उपस्थिति रही । इस कार्यक्रम में श्री संबित मिश्रा (आईएएस), कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, बीजापुर जिला, श्री जितेंद्र के यादव (आईपीएस) एस पी, जिला बीजापुर श्री भूपेंद्र कुमार गावरे एस डी एम, उसूर, श्री पी आर चंद्राकर सीईओ उसूर व श्रीमती जानकी कोरसा, जिला पंचायत अध्यक्ष, बीजापुर डॉ आर के मोहंती, उपमहाप्रबंधक अनुपालन एवं आश्वासन, बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायपुर अंचल, श्री बानाम्बर बेहरा सहायक महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख, धमतरी क्षेत्र सहित बीजापुर जिले और बैंक ऑफ बड़ौदा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे ।




अपने संबोधन के दौरान माननीय वित्त मंत्री ने बैंक ऑफ बड़ौदा को निरंतर प्रतिबद्धता और बैंक रहित क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए बधाई दी क्योंकि इससे सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सीधे वित्तीय सहायता और लाभ प्रदान करने में मदद मिलेगी । इसके अलावा, उन्होंने बैंक से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न दुर्गम स्थानों पर और अधिक एटीएम मशीनें संस्थापित करने और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट की नियुक्ति करने का अनुरोध किया । अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी वित्तीय पैठ के लिए राज्य भर में नई शाखाएं खोलने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण व प्रतिबद्धता दिखलाई ।

कार्यक्रम के दौरान, गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया और आजीविका और आर्थिक सुधार के लिए वित्तीय साक्षरता के महत्व पर जोर दिया । इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखी गई और विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए कई ऑन-द-स्पॉट नामांकन किए गए । कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूह और बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड के स्वीकृति पत्र सौंपे गए । बैंक ऑफ बड़ौदा छत्तीसगढ़ के प्रगतिशील वित्तीय परिदृश्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए अभिनव बैंकिंग समाधान और असाधारण सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

# आयुक्त ने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को शॉल,श्रीफल ओर प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित कर विदाई दी

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम के 09 कर्मचारियों को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर शाल और श्रीफल देकर विदाई दी गई।

यह आयोजन निगम मोतीलाल वोरा सभागार कक्ष में संपन्न हुआ, जिसमें आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी दीर्घकालिक सेवा के लिए धन्यवाद दिया और उनके योगदान की सराहना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों वंदना श्रीवास्तव, सहा.ग्रेड-2,शीला यादव,सहा. शिक्षिका,पूनम सिंह,उच्च श्रेणी शिक्षिका,भूपत भारद्वाज, प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक,करुणा देवांगन,भृत्य,रुखमणी,सफाई कामगार ने अपने कार्यकाल के दौरान निगम के विभिन्न विभागों में अहम भूमिका निभाई। समारोह में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा, इन कर्मचारियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से नगर निगम के कार्यों को सराहनीय ढंग से पूरा किया। आज हम उन्हें सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर निगम के अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ कुछ यादगार पल साझा किए और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विदाई समारोह के दौरान सभी कर्मचारियों ने एक दूसरे के साथ मिलकर उनकी सेवा और काम के अनुभवों पर चर्चा की, जो निगम के कार्यों के लिए अमूल्य योगदान रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,लेखाधिकारी रेवाराम मनु,स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशिकान्त यादव, शोएब अहमद, ईश्वर वर्मा, परमेश्वर, शानू कोठारी,हेमलता वर्मा,किरण अग्रवाल, रेखा कुर्रे, गंगाधर ठाकरे सहित निगम अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।



दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 07 मई 2026

### गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयन्ती पर आज पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयन्ती दिनांक 7 मई 2026 गुरूवार को प्रात: 11 बजे राजधानी शहर रायपुर के टैगोर चौक स्थित मूर्ति के समक्ष उनका सादर ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर से सम्बंधित उनके मूर्ति के आसपास की विशेष सफाई, मूर्ति पुष्पसज्जा सहित अन्य आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थायें रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर पालिक निगम के सम्बंधित जोन क्रमांक 6 के सहयोग से की जायेंगी।



साव ने धमधा में 7 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

# नगर पालिका बनेगा धमधा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की घोषणा





**रायपुर( विश्व परिवार )।** लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग जिले के धमधा नगर पंचायत पहुंचे उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने धमधा नगर पंचायत के नगर पालिका में उन्नयन की घोषणा की। धमधावासी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। नगर पालिका के रूप में उन्नयन के बाद शहर को विकास कार्यों के लिए और ज्यादा मिलेगी तथा विकास कार्यों में तेजी आएगी। लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करने वाली उप मुख्यमंत्री श्री साव की इस घोषणा से धमधा के सुव्यवस्थित विकास तथा जनसुविधाएं विकसित करने के कामों को और अधिक गति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने धमधा प्रवास के दौरान करीब 7 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 4 करोड़ 60 लाख रुपए के कार्यों का लोकार्पण और 2 करोड़ 39 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने शहर के विकास के लिए 2 करोड़ रुपए देने की भी घोषणा की। श्री साव ने बताया कि विगत दो वर्षों में धमधा नगर पंचायत के विकास के लिए 13 करोड़ रुपए दिए गए हैं। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के विकास के लिए सक्रियता और गंभीरता से काम किए जा रहे हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, दुर्ग के सांसद श्री विजय बघेल, विधायकगण सर्वश्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, ईश्वर साहू और श्री ललित चन्द्राकर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र साहू, धमधा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री ब्रिजेन्द्र दानी, जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री लिमन साहू और पूर्व मंत्री श्री जागेश्वर साहू सहित सर्वश्री सुरेन्द्र कौशिक, जितेन्द्र वर्मा, प्रीतपाल बेलचंदन, पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद थे।

# एक दिवसीय नि:शुल्क रोग निदान शिविर सम्पन्न साथ ही वरिष्ठ जनों एवं पत्रकारों का हुआ सम्मान





**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** स्व. पं. बंशराज तिवारी पूर्व विधायक समाजसेवी एवं अधिवक्ता की 101वीं जन्मजयंती मे आयोजित 20वें नि:शुल्क रोग निदान शिविर चंदा देवी तिवारी हास्पिटल बलौदाबाजार मे संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेशशंकर मिश्रा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ नीति आयोग ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन मे तिवारी परिवार के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा की पंडित बंशराज जी ने जो समाज के लिए किया उसको याद करने और उनको श्रद्धांजलि देने का इससे अच्छा उदाहरण कुछ और नही हो सकता। कार्यक्रम में आए सनम जांगड़े पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा पूर्व विधायक प्रदेश प्रवक्ता भाजपा शैलेश नितिन त्रिवेदी विद्याभूषण शुक्ला अतिथिगणों ने डा. प्रमोद तिवारी एवं परिवार को इस नेक कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।कार्यक्रम के समापन मे वरिष्ठ जनों श्याम शुक्ला जयनारायण केशरवानी भूपेंद्र सिंह ठाकुर जुगल भट्टर लक्ष्मी साहू डी पी जैन श्रीमती निशा झा एस एम पाढ्रेय मोतीलाल वर्मा छबीश्याम दुबे प्यारेलाल सेन गुलशन मेहता पियूष मिश्रा भोला वर्मा श्रद्धानंद अग्रवाल नरेंद्र शुक्ला को स्मृतिचिंह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# खमतराई जोन कार्यालय में होगा आरआरआर सेंटर का संचालन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 अंतर्गत खमतराई पानी टकी जोन कार्यालय परिसर में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 अंतर्गत आरआरआर (रियूज, रिड्यूज, रिसाईकल ) सेंटर के प्रशासनिक तौर पर सुचारू सचालन का कार्य किया मॉनिटरिंग कर किया जा रहा है। इसकी सतत मॉनिटरिंग नगर निगम जोन 1 कमिश्नर श्री अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता श्री द्रोणी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता श्री शरद देशमुख सहित कर रहे है।





स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 अंतर्गत कोई भी नागरिक अपने घर, दुकान की अनुपयोगी प्लास्टिक सामग्री, किताबे, पुस्तके, जूते, चप्पल आदि अन्य रिसाईकल योग्य वस्तुए नगर निगम जोन 1 के खमतराई जोन कार्यालय आरआरआर सेंटर में स्वेच्छापूर्वक लाकर दे सकता है। उन्हें लगातार ससम्मान समाज के जरूरतमंद लोगो को प्रदान किया जायेगा। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति नगर निगम जोन 1 कार्यालय आरआरआर सेंटर में संपर्क कर अपनी उपयोगी वस्तुएं प्राप्त कर सकता है। नगर निगम जोन 1 कार्यालय परिसर में फूड बैंक और सी एंड डी वेस्ट यूनिट भी संचालन की जा रही है. फूड बैंक में कोई भी नागरिक दो किलोग्राम पॉलीथिन लाकर पानी बोतल अथवा नाश्ता उपलब्धतानुसार प्राप्त कर सकता है।

# छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण ने किया किसान सम्मेलन का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण रायपुर ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (NSI) कानपुर के सहयोग से बायोफ्यूल कॉम्प्लेक्स गोढ़ी (दुर्ग) में किसान सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गन्ना आधारित खेती में सफेद चुकंदर (शुगरबीट) को अंतरफसली के रूप में अपनाकर भूमि उपयोग दक्षता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना था। इस दौरान किसानों को शुगरबीट की खेती का प्रत्यक्ष भ्रमण कराया गया एवं फसल की खुदाई भी की गई, जिसमें शुगरबीट का औसत वजन लगभग 3.7 किलोग्राम पाया गया, जो इसकी सफल खेती की संभावनाओं को दर्शाता है।





मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर की निदेशक डॉ. सीमा परोहा ने कहा कि गन्ना-शुगरबीट अंतरफसली खेती किसानों के लिए आय बढ़ाने का व्यवहारिक विकल्प है। इस तकनीक का सफल परीक्षण राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में किया जा चुका है छत्तीसगढ़ में सीबीडीए के सहयोग से इसका प्रथम क्रियान्वयन हुआ है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित सरकार ने बताया कि नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के सहयोग से राज्य में पहली बार गन्ना एवं सफेद चुकंदर (शुगरबीट) की अंतरफसली खेती पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। शुगरबीट लगभग 5-6 माह में तैयार हो जाती है और इसे गन्ने के साथ उगाकर अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

# राजधानी में गोली मारकर हत्या गैंगवार, प्रदेश में अपराध रुक नहीं रहा : बैज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी सहित प्रदेश में बढ़ती अपराध की घटनाएं सब्र बर्दाश्त के बाहर होते जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में कल गोली मारकर हत्या कर दी गयी, एक महिला गंभीर रूप से घायल है। दो दिन पहले चाकूबाजी से एक युवक की हत्या कर दी गयी। एक नाबालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। राजधानी में रोज आपराधिक घटनाएं बढ़ते जा रही, अपराधी बेखौफ घूम रहे है। अंबेडकर अस्पताल के पास खुलेआम गैंगवार होता है, छोटे अपराधी चाकू, तलवार, फरसा लहराते है, आने जाने वाले राहगीर में डर पैदा होता है। चाकूबाजी लूट तो आम हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने कानून व्यवस्था सुधारने के नाम पर राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू



किया लेकिन कमिश्नरी प्रणाली भी अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। राजधानी ही नहीं पूरा प्रदेश बढ़ते अपराधों के कारण परेशान है। कवर्धा में हत्या हो गयी, पद्मश्री फुलबासन बाई का अपहरण करने का प्रयास किया जाता है, सरगुजा में विवाह से लौट रही दो किशोरियों से गैंगरेप हो जाता है। मुख्यमंत्री जी क्या यही सुशासन है? इसी का त्यौहार मना रहे है आप? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले ढाई वर्षो में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण पूरे प्रदेश में दहशत का माहौल है।

# सीएम ने दूरभाष पर पद्मश्री फुलबासन यादव से की चर्चा, जाना हालचाल

- पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्रवाई के दिए गए हैं निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पद्मश्री सम्मान से अलंकृत वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती फुलबासन यादव के साथ हुई अप्रिय घटना को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज सुबह स्वयं दूरभाष पर श्रीमती फुलबासन यादव से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्वस्त किया कि इस मामले की हर पहलू से गहन जांच की जाएगी। दोषी चाहे जो हो, बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं। पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव ने घटना के बाद पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया।

विकास को मिली रफ्तार

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 419 लाख से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया

**रायपुर( विश्व परिवार )।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी में विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए 419 लाख रुपए से अधिक के विभिन्न जनहितकारी कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। यह पहल उनके दूरदर्शी नेतृत्व, विकासोन्मुख सोच और जनता के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाती है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाठागांव जोन क्रमांक 6 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 में लगभग 179 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया। पुराने जोन कार्यालय



(राजस्व विभाग) के पास सामुदायिक भवन निर्माण -110 लाख, ढेबर सिटी मेन रोड में आर.सी.सी. नाली निर्माण -12.61 लाख, बंजारी नगर जनविकास समिति सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण - 5 लाख, सचिन जायसवाल के घर से नवीन साहू के घर तक 800 मीटर रोड निर्माण, केलाबाड़ी रोड, हनुमान वाटिका, भाठागांव में विकास कार्य - 5 लाख, मठपुरैना में आंगनबाड़ी केंद्र एवं सामुदायिक भवन निर्माण - 11 लाख, अवधपुरी में जनता गैरेज के पास सी.सी. नाली निर्माण -5 लाख शामिल है।

# राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्य रूप से सम्पन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मंगलवार को रायपुर के वृंदावन हॉल में युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय श्री जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार (राष्ट्रीय अध्यक्ष) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में श्री सुनील सोनी (विधायक, रायपुर), श्री कन्हैया सोनी (समाजसेवी), श्री शिरीष सोनी (समाजसेवी) उपस्थित रहे। वहीं श्री संजीव कुमार सोनी (राष्ट्रीय सचिव) एवं श्री निखिल सोनी (राष्ट्रीय युवा महासचिव) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।





कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं बालक भगवान के जयकारों के साथ हुआ। मंच संचालन श्री गिरीश सोनी द्वारा किया गया। सामाजिक प्रस्तावना एवं एकता-संगठन के मूल मंत्रों की जानकारी राष्ट्रीय सचिव श्री संजीव कुमार सोनी ने दी।माननीय श्री सुनील सोनी ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकता और सहयोग पर बल दिया तथा राजनीति में संख्या बल की महत्ता को रेखांकित किया। श्री शिरीष सोनी एवं श्री कन्हैया सोनी ने समाज के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रावीण्य सूची में अंकल सोनी, वंशिका सोनी, गरिमा सोनी एवं चैतन्य सोनी को मुख्य अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नव-नियुक्त पदाधिकारियों—श्री शुभम सोनी (दुर्ग महामंत्री), आदित्य सोनी (दुर्ग जिला अध्यक्ष), श्री वीरेंद्र सोनी (प्रदेश सचिव), आर्यन सोनी, दिलखुश सोनी (रायपुर युवा जिला अध्यक्ष) को शपथ ग्रहण एवं मनोनयन पत्र प्रदान कर संगठन के कार्य को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा स्वर्णकार ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता एवं संगठन को प्रदेश के सभी 33 जिलों में विस्तार देने तथा अधिक से अधिक समाजिक बंधुओं को जोड़ने पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय युवा महासचिव श्री निखिल सोनी एवं श्री विकास सोनी द्वारा किया गया।

संभावना | कृषि शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगे

# उज्बेकिस्तान के बुखारा और समरकंद का उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत एवं उजबेकिस्तान के मध्य कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए उज़्बेकिस्तान का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल आज रायपुर पहुंचा। इस इस प्रतिनिधिमंडल में बुखारा स्टेट यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय सहयोग के उप-कुलपति प्रो. अब्रोर जोरायेव तुरोबोविच तथा समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसीन लाइवस्टॉक एवं बायोटेक्नोलॉजीस से अनुसंधान एवं नवाचार के उप-कुलपति प्रो. तयलाकोव तोलिब इसाकुलोविच सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं



वैज्ञानिक शामिल हैं। यह प्रतिनिधि मंडल कल 7 मई 2026 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में भारत एवं उज्बेकिस्तान के मध्य द्विपक्षीय शैक्षणिक, अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग सुदृढ़ीकरण विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भी शामिल होगा। इस संगोष्ठी का उद्देश्य दोनों देशों के मध्य शैक्षणिक संबंधों को और सुदृढ़ करना तथा कृषि मृदा विज्ञान, फसल मूल्य श्रृंखला, जैव प्रौद्योगिकी प्रोसेसिंग एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में नए सहयोगात्मक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करना है। उजबेक प्रतिनिधिमंडल 7 और 8 मई को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेगा।

इस दौरान यह अध्ययन दल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अनुसंधान प्रयोगशालाओं, कृषि अनुसंधान परियोजनाओं, स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन सुविधाओं तथा विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं नवाचार संरचनाओं का अवलोकन करेगा। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में स्थापित कृषि उद्यमिता विकास एवं अनुसंधान संस्थानों का दौरा भी करेगा। इससे दोनों देशों के मध्य संयुक्त अनुसंधान, ज्ञान आदान-प्रदान एवं संस्थागत सहयोग के क्षेत्र में विस्तार होगा।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के नेतृत्व में कृषि विश्वविद्यालय के उच्चस्तरीय शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने विगत माह उजबेकिस्तान के तरमेज़, डेनाऊ, ताशकंद, बुखारा एवं समरकंद स्थित प्रमुख विश्वविद्यालयों, कृषि संस्थानों एवं अनुसंधान केंद्रों का दौरा किया था।









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354